कोटद्वार, सोमवार
5 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 273 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# ग्वाड़ गांव में गुलदार ने बच्चे को बनाया निवाला

**□ पौड़ी जिले के विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्वाड़ की घटना □ लगातार बढ़ रही गुलदार की धमक में दहशत में ग्रामीण**



घटना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम



अलनंदा कालोनी में सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ गुलदार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः पौड़ी जिले के विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्वाड़ में गुलदार ने एक बच्चे को अपना निवाला बना दिया। बच्चा गांव में गौशाला के समीप कंचे खेल रहा था। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बच्चे की मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।

खिर्सू ब्लॉक के ग्वाड़ गांव में 11 साल का अंकित अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ घर के ही कंचे खेल रहा था। तभी एक कंचा खेलते–खेलते दूर गिर गया। जैसे ही अंकित कंचे की तलाश में आगे निकला, तभी गुलदार ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। बच्चे की चीखने की आवाज सुनते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. जिसके बाद गुलदार उसे छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। वहीं, गुलदार के हमले में अंकित बुरी तरह से घायल हो गया। परिजन और ग्रामीण अंकित को बेस अस्पताल श्रीकोट ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अंकित की मां गृहणी हैं. जबकि, पिता चंडीगढ़ में नौकरी करते हैं। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। अंकित की मां बिलख–बिलख कर रो रही हैं। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम रेंजर ललित मोहन नेगी के नेतृत्व में ग्वाड़ गांव पहुंची। जहां टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग की एसडीओ लक्की शाह का कहना है कि बच्चे के पेट में गुलदार के नाखूनों के निशान हैं।

## सीसीटीवी में कैद हुए गुलदार

हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसर गया। लोगों में दहशत के साथ ही आक्रोश है। दूसरी तरफ श्रीनगर गढ़वाल में आवासीय बस्तियों में गुलदार घूमते नजर आए। कई स्थानों पर गुलदार सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। गुलदार के बढ़ते मूवमेंट से लोगों में दहशत का महौल। कुछ दिन पूर्व बजीरों के बाग में एक साथ तीन गुलदार दिखाई दिए। इसके बाद फिर अलनंदा कालोनी में सीसीटीवी कैमरे में गुलदार का मूवमेंट कैद हुआ। जिससे यहां लोगों में दहशत बनी हुई है। रुद्रप्रयाग के खलिया गांव में दो दिन पहले ही एक गुलदार ने पांच वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे के सिर, पैर और हाथ पर गहरे जख्म आए। हालांकि बच्चे की हालत खतरे से बाहर है।

## तीन वर्षों में 514 की गई जान

प्रदेश में मानव–वन्यजीव संघर्ष में पिछले वर्ष 2023 तक 40 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इनमें से 13 लोगों की जान गुलदार ने ली है। मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव की वजह से दोनों का ही नुकसान हो रहा है। इस दौरान 82 गुलदार भी मारे गए हैं। वन महकमा और विशेषज्ञ इस बात को लेकर चिंतित हैं। वर्ष 2000 से अब तक गुलदार के हमले में 514 लोगों की जान गई है, जबकि 1868 लोग घायल हुए हैं। वहीं, वर्ष 2000 से अब तक 1741 गुलदारों की मौत रिकॉर्ड में दर्ज है।

## एक नजर

### सीएम केजरीवाल का बड़ा दावा, बोले– बीजेपी में शामिल होने के लिए किया जा रहा मजबूर, झुकेंगे नहीं

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्हें बीजेपी में शामिल होने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह झुकने वाले नहीं हैं। उनका यह बयान आम आदमी पार्टी के विधायक खरीद–फरोख्त के आरोपों की जांच के बीच आया है। उन्होंने कहा, वे हमारे खिलाफ कोई भी साजिश रच सकते हैं; मैं भी दृढ़ हूं। मैं झुकने वाला नहीं हूं। वे मुझसे बीजेपी में शामिल होने के लिए कह रहे हैं, लेकिन मैंने कहा कि मैं बीजेपी में कभी नहीं जाऊंगा, मैं आप सुप्रीमो ने दिल्ली के रोहिणी में एक स्कूल की आधारशिला रखने के बाद कहा, बीजेपी में कभी शामिल नहीं होऊंगा, बिल्कुल भी नहीं। कार्यक्रम में अपने भाषण में, केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी के नेतृत्व वाला केंद्र राष्ट्रीय बजट का केवल 4 प्रतिशत स्कूलों और अस्पतालों पर खर्च करता है, जबकि दिल्ली सरकार हर साल अपने बजट का 40 प्रतिशत इन पर खर्च करती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने जेल में बंद अपने आप सहयोगियों मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन का भी जिक्रकिया। आज सभी एजेंसियां हमारे पीछे पड़ी हैं। मनीष सिसौदिया की गलती यह है कि वह अच्छे स्कूल बना रहे थे।

### दिव्यांग पर कातिलाना हमला, फायर झोंका

हरिद्वार। दिव्यांग पर कातिलाना हमला करने के आरोप में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र के गांव सलेमपुर महदूद में दिव्यांग माजिद अली खान पुत्र साजिद अली अपने परिवार के साथ रहते हैं। पुलिस को दी जानकरी में उन्होंने बताया कि उनकी सुल्तानपुर मजरी में करीब पांच बीघा पुश्तैनी जमीन है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग उनकी जमीन हड़पना चाहते हैं और लगातार कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। आरोप है कि शनिवार शाम अपने ड्राइवर के साथ जमीन पर गए थे, जहां पहुंचने पर पप्पी उर्फ आबाद, पिंकू उर्फ अमजद, राजा ने उसे घेर लिया। गाली गलौच शुरू कर दी गई। उसकी कनपटी पर देसी तमंचा सटा दिया गया, जिसके बाद उस पर फायर किया लेकिन फायर मिस हो गया। आरोप है कि राजा ने उस पर धारदार हथियार से हमला किया। बीच बचाव में आए उसके ड्राइवर को भी बुरी तरह पीटा। वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए।

# उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में बारिश, देहरादून में गिरे ओले

देहरादून ,उत्तराखंड में मौसम लगातार बदलता जा रहा है। मौसम विभाग के जारी पूर्वानुमान के अनुसार 5 फरवरी तक प्रदेश के 3000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी का अनुमान है। वहीं मैदानी इलाकों में गरज के साथ बारिश और ओले गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। चारों धामों में तापमान माइनस में है। ये बर्फ़ की सफेद चादर से ढक गए हैं। रुद्रप्रयाग में कालिशिला, चोपता तुंगनाथ, मदमहेश्वर घाटी के साथ ही चमोली जिले में हेमकुंड साहिब औली समेत हिमालय की चोटियों पर भी लगातार जोरदार बर्फबारी हो रही है। राज्य के पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर गाडियों की आवाजाही बंद हो गई है। उत्तराखंड के 70 से अधिक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है।



पहाड़ की चोटियों पर दिनभर रुक–रुककर बर्फबारी का क्रम जारी है। राज्य के मैदानी इलाकों में भी बारिश के साथ घना कोहरा है। उत्तराखंड के नैनीताल, हरिद्वार तथा ऊधमसिंह नगर जनपदों में कोहरे के चलते लोगों को काम करने में असुविधा हो रही है। उधर, देहरादून में बारिश के साथ ओले भी गिर रहे हैं। बारिश और ओलों से अचानक तापमान में गिरावट आ गई है। लोग अपने घरों में बैठ कर ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में तापमान में 4 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले दो दिन राज्य में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3,000 से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी मात्रा में बर्फबारी होगी और राज्य के मैदानी जिलों में कहीं–कहीं गरज– चमक के साथ ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

## पीएम मोदी की असम को 11,600 करोड़ की सौगात

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम दौरे पर हैं। यहां पीएम मोदी गुवाहाटी के खानापारा वेटनरी फील्ड में पहुंचे। यहां पीएम ने मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर समेत असम में 11 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इसे महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह 498 करोड़ रुपए खर्च कर डेवलप किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा– अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पीएम मोदी ने कहा, इस बजट में एक बहुत बड़ी योजना की घोषणा हुई है। बीते 10 वर्षों तक हमने हर घर तक बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया, अब हम बिजली का बिल जीरो करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। बजट में सरकार ने रूफटॉप सोलर की योजना का ऐलान किया है।

# यूसीसी ड्राफ्ट को कैबिनेट की हरी झंडी

**विधेयक विधानसभा के पटल पर रखने को मंजूरी**

**देहरादून।** समान नागरिक संहिता(यूसीसी) के ड्राफ्ट को उत्तराखंड कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। रविवार को सीएम आवास पर हुई कैबिनेट की बैठक में ड्राफ्ट का विधेयक तैयार कर विधानसभा के पटल पर रखने को मंजूरी दे दी गई। अब आगामी छह फरवरी को आयोजित विधानसभा सत्र में यूसीसी का विधेयक पेश किया जाएगा।

**कई दशक बाद धरातल पर उतरेगा यूसीसी**

– 1962 में जनसंघ ने हिंदू मैरिज एक्ट और हिंदू उत्तराधिकार विधेयक वापस लेने की बात कही। इसके बाद जनसंघ ने 1967 के उत्तराधिकार और गोद लेने के लिए एक समान कानून की वकालत की। 1971 में भी वादा दोहराया। हालांकि 1977 और 1980 में इस मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई।




– 1980 में भाजपा का गठन हुआ। भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। पार्टी ने 1984 में पहली बार चुनाव लड़ा, जिसमें केवल दो सीटें मिली।

– 1989 में 9वां लोकसभा चुनाव हुआ, जिसमें भाजपा ने राम मंदिर, यूनिफॉर्म सिविल कोड को अपने चुनावी घोषणा–पत्र में शामिल किया। पार्टी की सीटों की संख्या बढ़कर 85 पहुंची।

– 1991 में देश में 10वां मध्यावधि चुनाव हुआ। इस बार भाजपा को और लाभ हुआ। उसकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में भाजपा ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे।

– इसके बाद 1996 में भाजपा ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में पार्टी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने।

– वर्ष 2014 में पहली बार भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर–शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। अब केंद्र की सरकार समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी में यूसीसी को लागू कर उत्तराखंड, देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

–उत्तराखंड में 2022 में भाजपा ने यूसीसी के मुद्दे को सर्वोपरि रखते हुए वादा किया था कि सरकार बनते ही इस पर काम किया जाएगा। धामी सरकार ने यूसीसी के लिए कमेटी का गठन किया। जिसने डेढ़ साल में यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार किया। अब विधानसभा का विशेष सत्र पांच फरवरी से शुरू होने जा रहा है, जिसमें पास होने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन जाएगा।

# पंचायत कर्मियों के हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित किया जाएगाः महाराज



देहरादून। पंचायत सेवा परिषद द्वारा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी के फंक्शनल मर्जर के विरोध में 12 दिन 17 से 28 जनवरी 2023 की हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित कर दिया गया है। इससे इन कार्मिकों को हड़ताल अवधि में कटे वेतन का भी लाभ मिल पायेगा।उक्त बात प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोकनिर्माण, पर्यटन, सिंचाई, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को जारी अपने एक बयान में कही है। उन्होंने कहा कि पंचायत सेवा परिषद द्वारा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी के फंक्शनल मर्जर के विरोध में 12 दिन 17 से 28 जनवरी 2023 को हड़ताल की गई थी। हड़ताल की अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित करने की पंचायत कर्मियों की मांग पर कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है जिससे अब इन कार्मिकों के सेवा संबंधी प्रकरणों का समाधान संभव हो पायेगा और हड़ताल अवधि में कटे वेतन का भुगतान भी किया जायेगा। महाराज ने कहा कि राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार हमेशा कर्मचारियों के साथ खड़ी है और उनके हितों का हमेशा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत कर्मी भी पंचायतों को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए अधिक मेहनत व ईमानदारी से कार्य करें।

## तकनीकी विवि में हुई कार्यशाला

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि–यूटीयू में स्थापित एकेडमिक स्टॉफ डेवलपमेंट सेंटर के तत्वावधान में सम्बद्ध परिसर व संस्थानों के निदेशकों के गुणवत्ता संवर्द्धन के लिए आयोजित कार्यशाला का समापन हो गया।

तीन दिनी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम में शैक्षणिक संस्थानों में प्रभावी प्रबंधन, हितधारक प्रबंधन, नवाचार, अनुसंधान, मूल्यांकन, सतत सुधार, वित्त प्रबंधन जैसे मुद्दों पर विशेषज्ञों ने अहम जानकारी दी।

# ट्रैफिक सेंस विषय को स्कूली शिक्षा में शामिल किया जाए

हरिद्वार। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी परिवारजन कल्याणकारी समिति ने अपनी सातवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रानीपुर विधायक आदेश चौहान, विशिष्ट अतिथि पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पक ज्योति, 40वीं पीएसी के उप सेनानायक सुरजीत सिंह पंवार और एक्मस के जीएम अनूप डुकलान ने दीप प्रज्वलित कर किया। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी परिवारजन कल्याणकारी समिति के सचिव रमेश्वर रावत ने पुलिस परिवार के सदस्यों को नौकरी में चार फीसदी के आरक्षण की मांग रखी। उन्होंने विधायक आदेश चौहान से ट्रैफिक सेंस विषय को कक्षा तीन से बारह तक विषय के रूप में पढ़ाए जाने के लिए शिक्षा प्रणाली में शामिल करने की मांग की। समिति सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटना के कारण रोजाना कितनी मौत होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मौत के होने के एक मुख्य कारण सड़क पर वाहन चलाने के नियमों का कम पता होना भी है। इसलिए इस विषय को पाठयक्रम में जोड़कर बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधि नियमों को पढ़ाया जाए। जिससे सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के ग्राफ को कम किया जा सके। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि यह एक अच्छा सुझाव है इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने समिति के सदस्यों को सातवीं वर्षगांठ की शुभाकामनाएं दीं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगदीश चंद्र आर्य, बीडी जुयाल, श्रीधर बडोला, राजेंद्र प्रसाद रावत, इंद्रजीत सिंह रावत, धीरज रावत, दिनेश चंद्र सकलानी, विजय कुमार गुप्ता, सतीश शर्मा के अतिरिक्त सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी परिवारजन कल्याणकारी समिति के संरक्षक जेपी जुयाल, अध्यक्ष प्रेमलाल शाह, बृजमोहन सिंह पुंडीर, सुनीता वर्मा, बिशन सिंह रावत, गोवर्धन रावत आदि मौजूद रहे।

## सात छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

देहरादून। महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की सात होनहार छात्राओं का बहुराष्ट्रीय कंपनी में चयन हुआ है।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि के परिसर संस्थान में पिछले दिनों कंपनी ऑरेंज बिजनेस ने पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया। जिसमें महिला प्रौद्योगिकी संस्थान व ग्राफिक एरा के कम्प्यूटर साइंस व इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर, इंजीनियर ब्रांच के छात्रों ने हिस्सा लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### कलियर में निवर्तमान सभासद स्मैक के साथ गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने नगर पंचायत पिरान कलियर वार्ड नम्बर 2 के पूर्व सभासद को 4.21 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।कलियर थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नहर पटरी मार्ग पर पुरानी स्टील फैक्ट्री के पास युवक स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर युवक भागने का प्रयास करने लगा। जिसके बाद पुलिस ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर मोहसीन निवासी बेडपुर ने बताया कि वह नगर पंचायत पिरान कलियर के वार्ड नम्बर 2 का निवर्तमान सभासद है। तलाशी के दौरान पुलिस को 4.21 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी निवर्तमान सभासद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई हेमदत्त भारद्वाज, इलियास अली और जितेंद्र सिंह शामिल रहे।

### मथुरा–काशी में भी अयोध्या जैसा भव्य मंदिर बनेगाः तोगड़िया

हरिद्वार। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि वर्ष 1984 में राम मंदिर के लिए पहली धर्म संसद हमने की थी। धर्म संसद में तय किया गया था कि राम मंदिर का निर्माण होने के बाद मथुरा और काशी के मुद्दे को उठाया जाएगा। राम मंदिर का निर्माण हो गया है।

अब मथुरा और काशी हमें चाहिए। मुझे विश्वास है कि मथुरा और काशी में भी अयोध्या जैसा भव्य मंदिर बनेगा। ज्ञानवापी का पूरा परिसर हिंदुओं को सौंपा जाना चाहिए। ये बातें तोगड़िया ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहीं।तोगड़िया ने रविवार को हरिद्वार प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि आठ फीट उंचे नंदी भगवान ज्ञानवापी में प्रतिदिन भगवान महादेव की पूजा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ज्ञानवापी में भगवान महादेव की पूजा रोज होनी चाहिए। हिंदुओं की आस्था का सम्मान रखते हुए मथुरा और काशी में मंदिर का निर्माण किया जाए। वार्ता के दौरान राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरी, जिलाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुभाष जोशी, जिला महामंत्री अरविंद पांडे आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने दिलायी उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस कुमारी ऋतु बाहरी को पद की शपथ




देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन देहरादून में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस कुमारी ऋतु बाहरी को पद की शपथ दिलायी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भारत की मा0 राष्ट्रपति द्वारा मा0 न्यायमूर्ति कुमारी ऋतु बाहरी को उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने से संबंधित अधिपत्र पढ़ा। पथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रथम महिला गुरमीत कौर, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डा. धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, नैनीताल हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही सहित वरिष्ठ न्यायमूर्तिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## भगवत गीता स्वर पाठ व कवि सम्मेलन का आयोजन

देहरादून। बीएन कंस्ट्रक्शन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की ओर से भगवत गीता के तीसरे अध्याय का स्वर पाठ एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भागवत गीता में कर्म योग को व्यापक रूप से बताया गया है।

हमारा धर्म है कि हम कर्म योग के रास्ते पर चलकर उत्तराखंड के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में सहयोग करें। हरिद्वार बाईपास स्थित संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीएन कंस्ट्रक्शन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के मैनेजिंग डायरेक्टर बीएन राय ने कहा कि भगवत गीता स्वर पाठ एवं कवि सम्मेलन में आध्यात्मिकता व कवियों का कौशल एक साथ दिखा है।

भगवत गीता स्वर पाठ को डॉ. अरविंद नारायण मिश्र एवं उनके सहयोगी ने प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवत गीता के तीसरे अध्याय कर्म योग को विस्तार पूर्वक बताया। कवि सम्मेलन में कवि श्रीकांत, महिमा श्री, उषा झा, किशना बगोट, नव्या चौहान ने कविता पाठ किया। मौके पर कामेश्वर पुरी महाराज, स्वामी आलोक गिरी महाराज, रामानुज दास, जितेंद्र रघुवंशी, एके सिंह, पंकज गुप्ता, संतोषआनंद देव महाराज मौजूद रहे।

# स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और योगगुरु स्वामी रामदेव जी की हुई दिव्य भेटवार्ता

ऋषिकेश। आज विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि कैंसर कोई एक बीमारी नहीं है बल्कि बीमारियों का एक समूह है जो असामान्य कोशिकाओं के अनियंत्रित विभाजन और वृद्धि के कारण होता है। कैंसर की विविधता इतनी है इसलिये इसके उपचार के लिये एक अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।इस विषय में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और योगगुरू स्वामी रामदेव जी की विशद् चर्चा हुई। स्वामी जी ने कहा कि स्वामी रामदेव जी, आयुर्वेद के क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर रहे हैं। वे योग और आयुर्वेद के माध्यम से लोगों की जीवनशैली बदलने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे हैं। प्राचीन काल से ही आयुर्वेद का न केवल रोगों के निदान बल्कि एक स्वस्थ जीवन शैली में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई रोगों का निदान आयुर्वेद के द्वारा प्राप्त हुआ है।



देश में कैंसर उपचार, रोकथाम और देखभाल के लिये जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही कैंसर के निवारण के लिये स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, तंबाकू के उपयोग को कम करना तथा नियमित जाँच और टीकाकरण के महत्त्व पर जोर देना अत्यंत आवश्यक है।स्वामी जी ने कहा कि कैंसर जैसी बीमारियों को दूर रखने के लिये स्वस्थ जीवन शैली को अपनान अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छ, सुरक्षित व संतुलित आहार के साथ सक्रिय जीवनशैली अत्यंत आवश्यक है।कैंसर होने का कोई एक ही कारण नहीं होता, भारत में कैंसर के मामले बढ़ने के पीछे भी कई कारण हैं। उनमें से प्रमुख कारण है जीवनशैली, अनुचित आहार संबंधी आदतें, लगातार मांसाहारी भोजन ग्रहण करना, रासायनिक प्रदूषण के साथ योग व व्यायाम की कमी। ह्रअसंतुलित जीवनशैली, लंबे समय तक काम करना, तनावपूर्ण जीवन, धूम्रपान, शराब का सेवन, अधिक गर्भनिरोधक का उपयोग आदि अनेक ऐसे कारण है जिनके कारण कैंसर की वृद्धि हो रही है।कैंसर से बचने के लिए एक सक्रिय जीवनशैली महत्वपूर्ण है, धूम्रपान न करना, तंबाकू न चबाना, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से परहेज, मोटापे से दूर रहना, दैनिक व्यायाम और अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण बात, ध्यान (मेडिटेशन) जिससे मस्तिष्क शांत रहता है इससे कैंसर की घटनाओं को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

# शादी सीजन में लाल हुआ टमाटर, प्याज ने भी निकाले आंसू



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में लगी सब्जी की दुकान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः शादी सीजन में सब्जियों के बढ़े दामों ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है। एक सप्ताह में ही सब्जी के दाम दोगुने हो गए हैं। बीस रुपये किलो बिकने वाला प्याज व टमाटर चालीस रुपये के पार हो गया है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी गरीब व सामान्य परिवारों को हो रही है। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में प्रतिदिन सब्जी के

## बाजार में एक सप्ताह में ही डबल हुए सब्जियों के दाम

बढ़े हुए दाम दिखाई दे रहे हैं। लगातार बढ़ रहे सब्जी के दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। महंगाई के कारण टमाटर व प्याज के साथ ही अन्य सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। गृहणी पुष्पा देवी, मीना देवी, सुधा नेगी, रचना ने बताया कि महंगाई के कारण थाली से सब्जी का स्वाद ही गायब होता जा रहा है। बाजार में हर रोज सब्जी के दाम बढ़े हुए नजर आ रहे हैं। कई घरों में शादी का सजीन चल रहा है। ऐसे में उनकी समस्याएं अधिक बढ़ रही है। सब्जी विक्रेता गुलाम नवी ने बताया कि मैदान में अधिक कोहरे व ओस के कारण सब्जी खराब हो जाती है। जिससे इस समय सब्जी के दाम बढ़ जाते हैं। दाम बढ़ने के कारण ग्राहक भी कम सब्जी ही खरीद रहे हैं।

### यह हैं सब्जी के दाम

| सब्जी | एक सप्ताह पूर्व | वर्तमान |
|---|---|---|
| टमाटर | 20 रुपये/किलो. | 40 रुपये/किलो. |
| प्याज | 20 रुपये/किलो. | 40 रुपये/किलो. |
| भिंडी | 80 रुपये/किलो. | 120 रुपये/किलो. |
| मटर | 40 रुपये/किलो. | 60 रुपये/किलो. |

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कोटद्वार क्षेत्र की एक महिला ने देहरादून निवासी एक व्यक्ति पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में महिला ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया कि वह पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। लेकिन, उसका अपने पति से तलाक के लिए न्यायालय में वाद चल रहा है। बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात देहरादून निवासी प्रदीप नामक व्यक्ति से हुई थी। बताया कि प्रदीप ने उसे शादी का झांसा दिया और स्वयं के साथ रहने के लिए कहा। जिससे उसका तीन वर्ष का बेटा भी है।

इस दौरान वह उसके साथ सतपुली व कोटद्वार क्षेत्र में किराए के कमरे में भी रही। कई बार कहने के बाद भी प्रदीप ने उससे शादी नहीं की। बताया कुछ दिन पूर्व प्रदीप उसे छोड़कर देहरादून चला गया और अब उसका फोन भी नहीं उठा रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# निबंध व पेंटिंग में अनामिका रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः गढ़वाल वन प्रभाग के पश्चिमी अमोली रेंज दमदेवल द्वारा राइंका जगतेश्वर में वन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने वन संरक्षण वन्य जीव संरक्षण वनाग्नि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण, ओजोन परत क्षय वैश्विक उष्णता, ग्रीन हाउस प्रभाव सहित कई समसामयिक विषयों पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के तहत निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में अनामिका ने पहला, प्रिया ने दूसरा व आंचल ने तीसरा स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में निकिता पहले, साक्षी दूसरे व अराधना तीसरे स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र– छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह नेगी ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने वन संरक्षण वन्य जीव संरक्षण वनाग्नि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण, ओजोन परत क्षय वैश्विक उष्णता ग्रीन हाउस प्रभाव सहित कई विषयों पर जानकारी दी।

कार्यक्रम को वन दरोगा अनिल नेगी, रजनीश सेमवाल, दिवाकर पोखरियाल फौजिया बानो, शशि पंत, मालती रावत, संतोष सजवाण आदि मौजूद रहे। संचालन रजनीश सेमवाल द्वारा किया गया।

# बवीना मंदिर से वड्डा को जोड़ने वाली सड़क का सुधारीकरण कार्य शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः जहरीखाल ब्लाक के अतर्गत बवीना मंदिर से ग्राम सभा वड्डा को जोड़ने वाली सड़क का सुधारीकरण व डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। ग्रामीण लगातार सड़क के सुधारीकरण की मांग उठा रहे थे। कहा कि सड़क सुधारीकरण से ग्रामीणों को इसका बेहतर लाभ मिलेगा।

सुधारीकरण व डामरीकरण कार्य का शुभारंभ ग्राम प्रधान सुरेंद्र चंद्र ध्यानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतपुली सुरेंद्र बिष्ट व सांसद प्रतिनिधि मनोहर लाल खंतवाल ने किया। ग्रामीणों ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से सड़क के सुधारीकरण व डामरीकरण की मांग उठा रहे थे। लगातार समस्या उठाने के बाद सरकार ने छह किलोमीटर की इस



सड़क सुधारीकरण कार्य का शुभारंभ करते अतिथि व ग्रामीण

सड़क के लिए पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए है। सड़क की बेहतर सुविधा होने से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर वासुदेव भट्ट, देवेंद्र कंडारी, खेमानंद भट्ट, नवल किशोर, रामप्रकाश, राकेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं पर आक्रोश, सड़क पर उतरे पूर्व सैनिक

## मालन पुल निर्माण नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः छह माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी मालन पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व सैनिकों ने आक्रोश रैली निकाली। पूर्व सैनिकों ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जन आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रविवार को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के बैनर तले मालन पुल से तहसील तक आक्रोश रैली निकाली गई। सड़क पर उतरे पूर्व सैनिक व स्थानों लोगों ने सरकार की नाकामी पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मालन पुल को टूटे छह माह से अधिक का समय हो गया है, लेकिन



कोटद्वार में आक्रोश रैली निकालते पूर्व सैनिक

सरकार की ओर से अभी तक पुल निर्माण की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण पुल निर्माण कार्य मुश्किल लग रहा है, ऐसे में अगले बरसात तक भाबरवासियों को वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करना पड़ेगा। कहा कि कोटद्वार विधान सभा विकास कार्यों में पहले ही पीछे छूट चुकी है। यहां के लिए हुई घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर पाई हैं। इसलिए पूर्व सैनिकों को बार–बार आक्रोश रैली का आयोजन करना पड़ रहा है। तत्पश्चात मालन पुल से लोग वाहनों से देवी मंदिर पहुंचे और देवी मंदिर से रैली की शक्ल में तहसील पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन प्रेषित किया। सदस्यों ने मालन पुर निर्माण, मेडिकल कॉलेन का निर्माण, लाढांग-चिल्लरखाल मोटर पुल का जल्द निर्माण नहीं होने पर आंदोलन चलाने की भी चेतावनी दी। रैली में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, सी पी डोबरियाल, आर पी पंत, गजेंद्र धस्माना, कुबेर जलाल, प्रमोद रावत, देवेंद्र बिष्ट और सुरेश नेगी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता शामिल रही।

## आवारा गौवंशों से निजात की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः काश्तकारों ने नगर निगम व प्रशासन से सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंशों के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि रात के समय यह गोवंश खेतों में घुसकर फसल को चट कर जाते हैं। जिससे काश्तकारों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं, राहगिरों को भी इनसे खतरा बना हुआ है। काश्तकार मोहन सिंह, राजीव कुमार ने इस संबंध में प्रशासन को पत्र दिया। बताया कि सड़कों पर लगातार गोवंशों की संख्या बढ़ती जा रही है। गोवंश संरक्षण के नाम पर बनाई गई गोशाला केवल सफेद हाथी बनकर रह गई है। हालत यह है कि शाम ढलते ही गोवंश काश्तकारों के खेतों में घुसकर फसल को चट कर देते हैं। फसल बर्बाद होने से काश्तकारों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। यही नहीं कई काश्तकार ठंड के मौसम में रात के समय फसल की रखवाली करने को मजबूर हो रहे हैं। कहा कि काश्तकारों के हितों को देखते हुए नगर निगम व प्रशासन को गंभीरता से इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## केंद्रीय अंतरिम बजट में पुरानी पेंशन बहाली को महत्व नहीं देने पर नाराजगी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः केंद्रीय अंतरिम बजट मे केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को महत्व नहीं दिए जाने पर पुरानी पेंशन बहाली मोर्चा ने नाराजगी जताई है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी इस केंद्रीय अंतरिम बजट से उदास है। जबकि कर्मचारियों को पूरी उम्मीदी थी कि इस बजट में पुरानी पेंशन को लेकर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

मोर्चा के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया उसमे कार्मिको की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन को महत्व नहीं दिया गया है जिससे पूरे देश के कार्मिको मे निराशा हुई है। पुरानी पेंशन कार्मिको के बुढ़ापे से जुड़ा विषय है, लम्बे समय से इस मांग के लिए संघर्ष के बावजूद अभी तक केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक रुख न अपनाया जाना लोक सभा चुनाव में नुकसान कर सकता है। कहा कि देश के कार्मिक आज केंद्र सरकार द्वारा पेश अंतरिम बजट से निराश व उदास है।

# निराशाजनक रहा मुख्यमंत्री का पौड़ी दौरा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः बीते शनिवार को मुख्यमंत्री के पौड़ी दौरे पर युवा कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त किया गया। युवा कांग्रेस ने सीएम के दौरे को निराशाजनक बताया है। कहा कि इस दौरे से पौड़ी के लोगों को निराशा हाथ लगी है।

पत्रकारों से बातचीत में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि एक बार फिर पौड़ी के लोगों को निराशा हाथ लगी है। सीएम के दौरे में सरकारी मशीनरी का खुलेआम जमकर दुरुपयोग कर किया गया। आरोप लगाया कि कर्मचारियों को शोषण कर जिला प्रशासन की मदद से भीड़ तो जुटा ली लेकिन पौड़ी मंडल मुख्यालय को कोई भी ऐसी सौगात नही दी गयी जिससे कि मण्डल पौड़ी की दुर्दशा में सुधार हो सके। कहा कि 800 करोड़ की हवा हवाई घोषणा



पौड़ी में पत्रकारों से वार्ता करते युवा कांग्रेस पदाधिकारी

में भी पौड़ी को कुछ नहीं मिला बल्कि इससे ज्यादा पैसा तो जिला प्रशासन के द्वारा उनके सम्मान में खर्च दिए गए, जिससे सरकारी खजाने का नुकसान हुआ है। आरोप लगाया कि पौड़ी मुख्यालय की एक समस्या पर भी मुख्यमंत्री नही बोले। कहा कि सरकार पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी को इंसाफ देने की बजाए अपने नेताओं को बचाने का प्रयास कर रहे है, बेटी बचाओ की झूठी शपथ दिलाई गई है। कहा कि मुख्यमंत्री केवल सरकारी खजाने की लूट करने व घोषणा करने आते है, उन्हें जनता से कोई लेना देना नही है। इस मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आशीष नेगी, संजना गुजराल, अंकित सुंदरियाल, मुकुल कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाजपा चला रही गांव चलो अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः विकसित भारत योजना को सफल बनाने के लिए भाजपा द्वारा मंडल स्तर पर गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। गांव चलो अभियान के लिए, मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार नैनीडांडा में किया गया। मंडल अध्यक्ष शशिकुमार ध्यानी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, सभी पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर गांव, हर परिवार तक पहुंचने पर चर्चा की गई।लोकसभा विस्तारक पंकज ने विस्तार से कार्यकर्ताओं को योजनाओं के बारे में बताया। मंडल अध्यक्ष शशिकुमार ध्यानी ने कहा कि संगठन के निर्देश के अनुरूप सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी का निर्वाह करना है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री सुनील चौहान व तेजपाल सिंह, दीनदयाल भदूला, विमलानंद गौड़, मनीष पटवाल, भूपाल सिंह, माधुरी देवी, भारती देवी, यशोदा रावत, पिंकी भदूला, आशीष पटवाल, दीनू चतुर्वेदी, सत्यपाल सिंह रावत, आदि सहित समस्त शक्ति केंद्रों के संयोजक, बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे। संचालन सुनील चौहान ने किया।

### मंदार प्रावि की जर्जर स्थिति डीएम को बताई

नई टिहरी। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय पाल रावत और प्राथमिक विद्यालय मंदार की विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ममता रावत ने डीएम मयूर दीक्षित को पत्र लिखकर प्रावि मंदार की छत बारिश से क्षतिग्रस्त होने की सूचना देते हुए कहा कि यहां पर भवन निर्माण में कोताही बरती जा रही है। विद्यालय में छात्रों की संख्या 60 होने के बाद मात्र एक शिक्षक तैनात है। प्रावि मंदार की यथास्थिति को लेकर डीएम को लिखे पत्र में बताया गया है कि बीती 2 फरवरी की बारिश से विद्यालय के भवन की छत और जीर्ण–शीर्ण मलबा गिरने के कारण हो गई है। इस विद्यालय के भवन का निष्प्रोज्य प्रमाण पूर्व में जारी किया जा चुका है। इसके बाद भी भवन निर्माण में निरंतर लापरवाही बरती जा रही है। यह विद्यालय लोकसभा व पंचायत चुनाव का बूथ भी है। इस विद्यालय में 60 छात्र संख्या होने के बाद भी एकल शिक्षक कार्यरत है। जिससे विद्यालय के छात्रों का पठन–पाठन प्रभावित है। यहां पर पूर्व में शिक्षक भेजने को कहा गया था, लेकिन आज तक शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए विद्यालय भवन के निर्माण के साथ ही विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था की जाय।

### सरकारी विद्यालयों में छात्रों की घटती संख्या पर जताई चिंता

नई टिहरी। देवप्रयाग ब्लॉक मुख्यालय के हिंडोलाखल स्थित स्वतंत्रता सेनानी बचन सिंह चौहान राइंका में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के अभिवावकों ने बैठक की। अभिभावकों ने सरकारी विद्यालयों में लगातार घटती छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त की गई। अभिभावकों ने एक स्वर में सरकार से ऐसा कानून बनाने की मांग की, जिसके तहत जनप्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाए।

पीटीए अध्यक्ष व समाज सेवी रुकम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभिभावकों ने चिंता जताते हुये कहा कि ब्लॉक के अधिकांश विद्यालयों में प्रधानाचार्य व्यवस्था पर है, साथ ही विद्यालयों में कई विषयों के शिक्षक भी न होने से छात्रों का पढ़ाई भी बाधित होती है। पीटीए अध्यक्ष ने कहा कि ब्लॉक मुख्यालय स्थित राइंका में बीते कई वर्षों से स्थायी प्रधानाचार्य नहीं है। बताया उक्त विद्यालय में कभी सबसे अधिक छात्र संख्या होती है, लेकिन वर्तमान समय में 225 छात्र ही अध्ययनत रह गये हैं। कहा कि इंटर कॉलेज में अधिकांश बच्चे आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के ही हैं।

# टिहरी में बारिश और बर्फबारी जारी





नई टिहरी। बीती रात से जनपद के विभिन्न हिस्सों में बारिश के साथ बर्फबारी का दौर जारी रहा। जिससे पर्यटक क्षेत्र व धनोल्टी व काणताल में पर्यटकों का बर्फबारी देखने का आना जारी रहा। काफी संख्या में नई टिहरी व चंबा से स्थानीय लोग काणाताल क्षेत्र में बर्फबारी के नजारों को देखने पहुंचे। इसके साथ ही घनसाली व प्रतापनगर के दूरस्थ गांवों व उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी रहा। बीती देर रात ही जिला मुख्यालय नई टिहरी में लगातार रिमझिम का बारिश देर शाम तक जारी रहा। जिससे मौसम में भारी ठंडक पसरी है। लोग अंगीठियों व हीटर का सहारा ठंड से बचने के लिए ले रहे हैं। बारिश के कारण बाजारों में आवाजाही भी कम रही। जबकि घनसाली के भिलंगना ब्लाक में बीती रात्रि से हो रही बारिश ब बर्फवारी के चलते ठंडक बढ़ गई है। क्षेत्र के निचले इलाकों में जहां रुक–रुककर बारिश जारी रही, तो वहीं उंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हो रही है। जिस कारण ठंड बढ़ने से लोग घरों में आग सेकने या बिस्तरों में दुबकने को मजबूर है। घनसाली बाजार में लोग अलाव के सहारे ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। घनसाली के गंगी, गेन्वाली, पिंसवाड़, चिरबिटिया, केमुण्डा खाल व हिंदाव क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है। मौसम की पहली बारिश व बर्फबारी काश्तकारों की फसलों के लिए संजीवनी माना जा रहा है, तो वहीं पेयजल स्रोतों भी बारिश व बर्फबारी से रिचार्ज होंगे। देवप्रयाग क्षेत्र में रविवार तड़के हुई बारिश से ठंड बढ़ गयी है। दोपहर में हल्की धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। लेकिन फिर मौसम ने करवट ली है। बारिश व बर्फबारी से लोगों ने राहत महसूस की है। लोगों को खुश्क मौसम के कारण हो रहे सर्दी, जुकाम व बुखार से भी राहत मिली है।

### जौनपुर और भिलंगना के 10 छात्रों को छात्रवृत्ति मिलेगी

नई टिहरी। राइंका क्यारी के 4 और राजूहा मगर्रों पौखाल के 6 छात्रों का राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति के तहत चयन हुआ है। छात्रों को एनएमएमएस के तहत कक्षा 9 से 12 तक प्रत्येक माह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति धनराशि मिलेगी। जौनपुर ब्लॉक के राइंका क्यारी के 4 तथा भिलंगना ब्लॉक के राजकीय जूनियर हाईस्कूल मगर्रों पौखाल के 6 छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) की परीक्षा उत्तीर्ण की है। राइंका क्यारी के प्रधानाचार्य अनिल राणा ने बताया कि उनके विद्यालय में कक्षा 8वीं के छात्र सिमरन, पूजा तथा छात्र नैतिक और कृष का छात्रवृत्ति के लिये चयन हुआ है। उधर भिलंगना ब्लॉक राजूहा मगर्रों पौखाल की छात्रा मानसी, छात्र आदर्श घिल्डियाल, विवेक नेगी, आदित्य नेगी, शिवांजिल्स, सुमित का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमलाल तैरवाल ने बताया कि चयनित छात्रों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक प्रतिमाह 1 हजार रुपये की धनराशि सरकार की ओर से छात्रों को दी जाएगी, जो सीधे छात्रों के बैंक खातों में जाएगी।


### सरकारी विद्यालयों में छात्रों की घटती संख्या पर जताई चिंता

नई टिहरी। देवप्रयाग ब्लॉक मुख्यालय के हिंडोलाखल स्थित स्वतंत्रता सेनानी बचन सिंह चौहान राइंका में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के अभिवावकों ने बैठक की। अभिभावकों ने सरकारी विद्यालयों में लगातार घटती छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त की गई। अभिभावकों ने एक स्वर में सरकार से ऐसा कानून बनाने की मांग की, जिसके तहत जनप्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाए। पीटीए अध्यक्ष व समाज सेवी रुकम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभिभावकों ने चिंता जताते हुये कहा कि ब्लॉक के अधिकांश विद्यालयों में प्रधानाचार्य व्यवस्था पर है, साथ ही विद्यालयों में कई विषयों के शिक्षक भी न होने से छात्रों का पढ़ाई भी बाधित होती है। पीटीए अध्यक्ष ने कहा कि ब्लॉक मुख्यालय स्थित राइंका में बीते कई वर्षों से स्थायी प्रधानाचार्य नहीं है। बताया उक्त विद्यालय में कभी सबसे अधिक छात्र संख्या होती है, लेकिन वर्तमान समय में 225 छात्र ही अध्ययनत रह गये हैं। कहा कि इंटर कॉलेज में अधिकांश बच्चे आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के ही हैं। सरकारी विद्यालयों को बंद होने से बचाने के लिये सरकार को निजी स्कूलों पर अंकुश लगाने के लिये नये कानून बनाने की जरुरत है।


# पंचायत प्रतिनिधियों ने दो साल कार्यकाल बढ़ाने को सौंपा ज्ञापन

नई टिहरी। जनपद के पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला मुख्यालय में एकत्र होकर सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित कर कोविड के चलते दो साल का कार्यकाल बढ़ाने की पुरजोर मांग की। कहा कि इससे एक राज्य व एक चुनाव की स्थिति भी बनेगी।

जनपदभर के पंचायत प्रतिनिधि जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए। यहां पर एकत्र होकर पंचायत प्रतिनिधियों अपनी एकता को लेकर नारेबाजी करते हुए पुरजोर तरीके से पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग की। जिसके बाद डीएम मयूर दीक्षित के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें मांग करते हुए कहा गया कि एक राज्य–एक चुनाव के फार्मूले को उत्तराखंड राज्य में लागू करते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सभी 13 जनपदों में एक साथ करवाये जाएं। इसके लिए कोविड के कारण दो सालों तक पंचायत का काम–काज पूरी तरह से ठप रहा। जिससे पंचायत प्रतिनिधि काम नहीं कर पाये। इसलिए, पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाया जाय। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पंचायत राज अधिनियम में इस बात का उल्लेख है की यदि किसी कालखंड में ग्राम पंचायत में खुली बैठक नहीं हो पाती है तो उस कालखंड को ग्राम पंचायत के कार्यकाल से जोड़कर नहीं देखा जाता। लिहाजा इस आधार पर त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्यकाल को 2 वर्ष बढ़ाया जाना चाहिए, ऐसा करने से देश के प्रधानमंत्री के एक राष्ट्र एक चुनाव के सपने को भी सही मायनों में साकार किया जा सकेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, अरविंद सकलानी, पुष्पा रावत, जयवीर रावत, बिमला खड़का, हितेश चौहान, नीलम विष्ट, सतेंद्र धनोला, गब्बर सिंह नेगी, संदीप रावत, बुद्धि आर्य, मोहन डोभाल, ओम प्रकाश बधानी, अनिल भट्ट, दीवान पड्यार, वीरेंद्र अग्निहोत्री, सुरेंद्र नौटियाल, जमनोत्री देवी, रमेश तोमर सहित कई त्रिस्तरीय पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धर्म के नशे के उन्माद से सुरक्षित रहना होगाः माहरा

विकासनगर। गणतंत्र दिवस से नशा छोड़ो, भारत जोड़ो अभियान की शुरुआत करने वाली कांग्रेस ने रविवार को बरोटीवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में सभा कर पछवादून में बड़े स्तर पर चल रहे नशे के कारोबार के विरुद्ध जंग का बिगुल फूंका। हालांकि पूरी सभा के दौरान वक्ताओं ने नशे के खिलाफ आंदोलन के बहाने भाजपा सरकार खिलाफ अधिक बोला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि धर्म का नशा सबसे बड़ा नशा है, इस नशे के उन्माद से भी खुद को सुरक्षित रखना होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा ने कहा कि विकासनगर से नशे के खिलाफ शुरू हुआ यह अभियान आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत आवश्यक है और अनुकरणीय है। भारत की आजादी के लिए कांग्रेस ने संघर्ष किया और आजादी दिलाई। इस आजादी को बनाए रखने के लिए देश की युवा पीढ़ी का नशा मुक्त होना और प्रगति के मार्ग पर चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जहां एक ओर बड़ी–बड़ी बातें करती है, वहीं दूसरी ओर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट से हजारों करोड़ की ड्रग्स बरामद होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं करती है। भाजपा सरकारों की अकर्मण्यता से आज उत्तराखंड की युवा पीढ़ी नशे की लत की आदी हो रही है, लेकिन सरकार का ध्यान उन मुद्दों पर है जिनका जनता से कोई सीधा ताल्लुक नहीं है। कार्यक्रम आयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि कांग्रेस अपना सामाजिक दायित्व समझती है कि क्षेत्र की युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जाए। इस नशे से क्षेत्र में जहां एक ओर हजारों घर बर्बाद हो रहे हैं, वहीं छोटे–छोटे स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों को टारगेट करके नशा बेचे जाने से इस क्षेत्र में कानून व्यवस्था की गंभीर समस्या भी उत्पन्न होने वाली है। आज हर अभिभावक इस कारण आशंकित रहता है कि कहीं उसका बच्चा नशे की लत का आदि ना हो जाए। कांग्रेस के टिहरी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री, मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि जनता को यह भी सोचना होगा कि ऐसे कौन से कारण हैं जिनकी वजह से पुलिस और प्रशासन नशा कारोबारी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रहा है। आखिर कौन सी राजनैतिक शक्तियां ऐसी हैं, जिनका नशे के कारोबारी को संरक्षण प्राप्त है। कार्यक्रम के दौरान पीसीसी सदस्य संजय जैन ने कार्यकर्ताओं से नशे के विरुद्ध संकल्प पत्र भरवाए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने किया।

### चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई हो

हरिद्वार। डॉ. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने संदीप अरोड़ा के नेतृत्व में रविवार को कनखल थाना प्रभारी भावना कैंथोला को ज्ञापन देकर चाइनीज मांझे पर रोक लगाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने चाइनीज और प्लास्टिक मांझा बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संदीप अरोड़ा ने कहा कि चाइनीज मांझे से दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पशु–पक्षी भी चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। इस पर प्रभावी रोक लगाई जानी चाहिए। जितेंद्र वीर सैनी और राजन रावत ने कहा कि लंबे समय से चाइनीज और प्लास्टिक मांझे के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। सरकार आज तक इसकी बिक्री पर रोक नहीं लगा सकी है।

### बिना जांच किए मरीजों को न भेजें हायर सेंटर

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्त्यमुनि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना किसी जांच किए मरीजों को हायर सेंटर रैफर न किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक भी ली जिसमें जरूरी दिशा–निर्देश दिए। डीएम ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों का डाटा चेक करते हुए कहा कि ओपीडी व एमरजेंसी की अलग–अलग पंजिका बनाई जाए। जबकि अस्पताल में भर्ती मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं दी जाए। कहा कि किसी भी दशा में बाहर से दवाइयां न लिखी जाए। साफ–सफाई का विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को उच्च सेंटर रैफर करने का स्पष्ट कारण व मरीज का मेडिकल से संबंधित विवरण अभिलेख रखने के निर्देश दिए।

# पुरानी पेंशन बहाली को लोस चुनाव तक आंदोलन

विकासनगर। लोक सभा चुनाव नजदीक आते ही पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा गरमाने लगा है। रविवार को कर्मचारियों ने सद्भावना भवन में बैठक कर लोकसभा चुनाव तक लगातार आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। आंदोलन के पहले चरण में 11 फरवरी को धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों के कर्मचारी शामिल होंगे। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गडोही ने कहा कि पुरानी पेंशन लागू करने से वित्तीय भार बढ़ने का हवाला दिया जा रहा है, लेकिन पश्चिम बंगाल ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त नहीं किया है। और न ही वहां कोई आर्थिक संकट पैदा हुआ है। कई अन्य प्रदेशों ने पुरानी पेंशन बहाली की ओर कदम बढ़ाया है। हिमाचल प्रदेश इसका ताजा उदाहरण है। कहा कि कर्मचारियों को पेंशन देने से आर्थिक भार नहीं बढ़ता है। सरकार की फिजूल खर्ची से आर्थिक भार बढ़ता है। इसके साथ ही विधायिका से जुड़े लोगों की संख्या हर दो साल में बढ़ती जाती है, जिन्हें पेंशन और अन्य सुविधाओं के नाम पर भारी भरकम राशि दी जा रही है। लेकिन विधायिका से जुड़े लोगों को मतदान करने और निष्पक्ष मतदान कराकर सदन तक पहुंचाने वाले सरकारी कर्मचारियों को पेंशन से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कई देशों में जन प्रतिनिधियों को पेंशन दिए जाने की व्यवस्था नहीं है, लेकिन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन दी जाती है। जबकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सरकारी मशीनरी को चलाने वाले कर्मचारियों के साथ ही भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस भेदभाव पूर्ण रवैए के खिलाफ और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव तक आंदोलन जारी रहेगा। इसकी शुरुआत 11 फरवरी को होने वाले प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन से की जाएगी। इस दौरान एनएमओपीएस की जिला सचिव हेमलता कजालिया, शांतनु शर्मा, सुनील गुसाईं, संदीप रावत, उर्मिला द्विवेदी, परशुराम कोठारी, हर्षिता, अनिता नेगी, शिखा राठौर, रुचि पैन्यूली आदि मौजूद रहे।

# पर्यटक स्थलों पर बर्फबारी का लुत्फ उठाने पहुंचे सैलानी



उत्तरकाशी। जिले में फिर से हुई बर्फबारी से सैलानियों के चेहरे खिल उठे। पर्यटक स्थलों पर बर्फबारी होते ही सैलानी कुदरत के नजारों का लुत्फ उठाने उमड़ पड़े।

रविवार को प्रसिद्ध पर्यटक स्थल चौरंगीखाल, हर्षिल, भटवाड़ी, राडी टॉप, मोरी के सांकरी, जखोल, केदारकांठा आदि जगहों पर बर्फबारी का आनंद उठाने के लिए पर्यटकों की भीड़ रही। जिला मुख्यालय के नजदीकी लंबगांव रोड पर स्थित पर्यटक स्थल चौरंगीखाल और नचिकेता ताल क्षेत्र में सबसे ज्यादा पर्यटक पहुंचे। बर्फबारी के बीच पर्यटक संगीत की धुन पर पर्यटक स्थलों पर नाचते गाते दिखे। चौरंगीखाल क्षेत्र में बर्फबारी का लुत्फ उठाने पहुंचे सैलानी सुशील डिमरी, आदेश नौटियाल, संतोष सकलानी आदि ने बताया कि इस क्षेत्र में फरवरी माह में दूसरी बार वे बर्फबारी के नजारों का आनंद उठाने पहुंचे हैं। जिला मुख्यालय का नजदीकी क्षेत्र होने के कारण जब कभी बर्फबारी होती है तो सबसे पहले यहीं पहुंचते हैं। इससे पहले हुई बर्फबारी का लुत्फ उठाने हर्षिल घाटी पहुंचे थे।

## बैंक में बंधक भूमि बेचने के तीन आरोपी साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त

काशीपुर। बैंक में बंधक भूमि धोखाधड़ी से बेचने के तीन आरोपियों को द्वितीय एसीजे/ न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। सुनवाई के दौरान दो अन्य आरोपियों की मृत्यु हो गई थी। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक जीएस कुश्वाहा ने 11 अक्तूबर, 2004 को काशीपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 06 मई 1989 को मुखेजा रबर्स ने एसबीआई से टर्म लोन लिया था। ऋण की अदायगी के लिए ग्राम सरवरखेड़ा निवासी मोहम्मद उमर पुत्र सुबराती, बहादुर अली, रियाज अली पुत्रगण झब्बे, शखावत पुत्र अहमद हसन और अब्दुल सलाम पुत्र नन्हें ने अपनी-अपनी भूमि बतौर गारंटर बैंक के पास बंधक रखी थी। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के प्रस्ताव पर 20 जून 1991 को कर्ज की लिमिट बढ़ाकर भूमि के अधिकार पत्र बैंक के पास रखकर बंधक रखे गए। तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज किया। केस की विवेचना के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ चार जून 2005 को आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। कंपनी के डायरेक्टर्स और जमानतियों के विरूद्ध वसूली वाद डैब्ट रिकबरी ट्रिब्युनल, देहरादून में भी लंबित है। केस की सुनवाई के दौरान दो आरोपियों बहादुर अली और सखावत हुसैन की मौत हो गई। अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ केस पर विचारण हुआ। बचाव पक्ष की ओर से अजय कुमार अरोरा एड ने पैरवी की। संबंधित पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर द्वितीय एसीजे/न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतन सिंह गौतम ने तीनों आरोपियों को साक्ष्यों के आधार पर दोषमुक्त कर दिया।

## 55 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने बाइक सवार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 55 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। थाना आईटीआई पुलिस के उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट ने दोहरी परसा रेलवे फाटक के पास से छोटी बरखेड़ी निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र जरनैल सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कटोराताल चौकी पुलिस ने मानपुर निवासी हरजीत पुत्र गुरबाज को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। वहीं कुंडा थाना पुलिस ने ग्राम बाबरखेड़ा निवासी नरेश कुमार पुत्र बिहारी लाल को गिरफ्तार कर एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में 15 लीटर शराब बरामद की है।

## हरिद्वार में स्कूल-कॉलेज 12 को बंद रहेंगे

हरिद्वार। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, शासकीय, अर्द्धशासकीय, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों, कॉलेजों में 12 फरवरी को अवकाश रहेगा। ऋषिकुल मैदान आयोजित होने वाले नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम के कारण जिलाधिकारी धीरज सिंह गर्ब्याल ने शिक्षण संस्थानों में अवकाश रखने के आदेश जारी किए हैं। हालांकि जिस शिक्षण संस्थान में परीक्षा होगी वहां अवकाश न रखने की बात भी आदेश में लिखी गई है। 12 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नारी और मातृ शक्ति के पहुंचने की संभावना है। इस कारण यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े, इस कारण शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है।

## भाजपा की कार्यसमिति बैठक गांव चलो अभियान पर केंद्रित

काशीपुर। भाजपा के तीनों मंडलों की अलग-अलग स्थानों पर हुई कार्यसमिति बैठक गांव चलो अभियान पर केंद्रित रहीं। इनमें बताया कि नौ से 11 फरवरी तक पार्टी के निर्देश पर गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। रविवार को भाजपा नगर मंडल की ब्लॉक सभागार, महुआडाबरा मंडल की नादेही चीनी मिल गेस्ट हाउस में और मेघावाला मंडल की कुंडा स्थित साधना होटल में कार्यसमिति बैठक हुई। इसमें एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज पाल, खड़क सिंह समेत जिला महामंत्री मोहन बिष्ट ने 24 कार्यों के बारे में जानकारी दी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज पाल ने बताया राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी द्वारा 9 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान का आयोजन किया जाएगा। भाजपा यह कार्यक्रम चुनाव में जीत के लिए नहीं बल्कि प्रतिशत बढ़ाने के लिए कर रही है। अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहकर पार्टी की नीति, सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। यहां राजकुमार चौहान, गौतम गिरी, राजकुमार गुंबर, डॉ. एमपी सिंह, विनीत चौहान, गौरव प्रजापति, महेश प्रजापति, योगराज सिंह, सुधीर बिश्नोई, अशोक खन्ना, विजयपाल सैनी, मनप्रीत लाडी, रणवीर चौधरी, धनंजय आदि मौजूद रहे।



## शॉर्ट सर्किट से घर में आग, बाइक समेत घरेलू सामान जला

काशीपुर। शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लगने से बाइक और हजारों रुपये कीमत का सामान जल गया। पड़ोसियों की मदद से परिजनों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गांव हरलालपुर निवासी रहीश अहमद पुत्र बारिश अहमद ने बताया है कि शनिवार की रात अपने परिवार के साथ मकान के अंदर सोया हुआ था देर रात शॉर्ट सर्किट से मकान में अचानक आग लग गई। कमरे में आग की उंची उंची लपटें और धुएं का गुबार देख परिजन घर से बाहर की ओर भागे। उनका शोर सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इसमें लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। घंटों की मशक्कत के बाद पानी से आग पर काबू पाया। तब तक घर का कीमती सामान जल गया। इस आग में एक बाइक, बेल्डिंग मशीन, बर्तन, कपड़े आदि आग में जल कर राख हो गए। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## भटवाड़ी में डेढ़ लाख की चरस पकड़ी

उत्तरकाशी। मनेरी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने अवैध चरस की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने 832 ग्राम अवैध चरस बरामद कर मनेरी थाना में मुकदमा पंजीकृत किया है। चरस की बाजार कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। सीओ प्रशांत कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक मनेरी प्रमोद उनियाल व एसओजी प्रभारी प्रकाश राणा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने गत रात्रि को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान भटवाड़ी से आगे बार्सू बैण्ड के पास टीम ने नत्थी सिंह पुत्र स्व. पिरथी सिंह (48) निवासी ग्राम कुज्जन, भटवाड़ी को 832 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि-2025 व आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर पुलिस सतर्क है। पुलिस बैरियर व नाकों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। टीम में एसआई निखिल देव चौधरी, जयवीर सिंह और एसओजी टीम के सदस्य थे।

## पिकअप से 06 लाख से अधिक का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार; एक फरार

अल्मोड़ा। पुलिस ने पिकअप से गांजा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने जिले में नशा तस्करी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत शनिवार रात एसओ सल्ट अजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने कठपतिया तिराहे के आसपास गश्त की।

इस दौरान सराईखेत क्षेत्र से नैनीताल नंबर की एक पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस को देख पिकअप चालक ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर जंगल की तरफ फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। वाहन के अंदर बैठे दूसरे व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम हरीश चन्द्र नेगी उर्फ छेत्र पाल निवासी श्रीगाड़ गुदलेख सल्ट बताया। फरार चालक की शिनाख्त रविन्द्र सिंह रावत उर्फ रवि धौनी निवासी हनसाली सराईखेत सल्ट के रूप में की। वाहन की चेकिंग में चार कट्टों से 40.600 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे की कीमत 06 लाख से अधिक बताई जा रही है। बताया कि वह गांजे को गांव से खरीदकर रामनगर बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने पकड़े गए और फरार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वाहन सीज किया है। टीम में हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र, संजू कुमार, कांस्टेबल मदन सिंह शामिल रहे।



## ड्यूटी में लापरवाही पर एसएसपी ने दो सिपाही किए लाइन हाजिर

अल्मोड़ा। ड्यूटी में लापरवाही बरतना एसओजी के दो कॉन्स्टेबलों को भारी पड़ गया। दरअसल, अल्मोड़ा एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा जनपद पुलिस की कमान सभालते ही अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति रखते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

## साध्वियों पर हमला करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो : रविंद्रपुरी

हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने पंजाब के बस्सी पठाना में साध्वियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। साथ ही पंजाब सरकार से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर स्वामी उषा माता द्वारा स्थापित जय मां मिशन धर्म संस्कृति व सेवा का प्रमुख केंद्र है। वर्तमान में मिशन से जुड़ी साध्वियां मिशन की धार्मिक गतिविधियों का संचालन कर रही हैं। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने मिशन की संपत्ति पर कब्जे की नीयत से साध्वियों पर हमला किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि धार्मिक संपत्ति पर कब्जे की नीयत से वयोवृद्ध साध्वियों पर हमले को सहन नहीं किया जाएगा। जल्द ही अखाड़ा परिषद के संतों का एक प्रतिनिधिमंडल पंजाब के मुख्यमंत्री और डीजीपी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेगा। महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानन्द सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी गर्व गिरी व स्वामी ऋषिश्वरानंद ने कहा कि सेवा कार्यों से जुड़ी धार्मिक संस्था की संपत्ति पर कब्जे की कोशिशों को संत समाज कतई सहन नहीं करेगा।

कोठारी महंत जसविंदर सिंह, स्वामी बिपनानंद, स्वामी नागेंद्र महाराज, महंत गंगादास, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी शिवम महंत, महंत निर्भय सिंह, महंत अमनदीप सिंह, महंत गोविंददास, महंत राघवेंद्र दास, महंत जयेंद्र मुनि आदि संतों ने भी साध्वियों पर हमले की निंदा करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर। एक व्यक्ति ने डंपर चालक पर बाइक सवार परिचित को टक्कर मारकर घायल करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। टांडा बजारा सुल्तानपुर पट्टी निवासी वीरपाल पुत्र खेतन पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 दिसंबर 2023 को उसका परिचित मोहित पुत्र बी मोहन उसकी बाइक लेकर गया था। उसके साथ ग्राम मेहतावबन निवासी गौरव भी था। दोपहर करीब तीन बजे ढकिया रोड स्थित रामदास स्टोन क्रशर के पास डंपर के चालक ने डंपर को लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया।

# सम्पादकीय

## उत्तराखंड में यूसीसी पर मोहर

अपने चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप उत्तराखंड की धामी सरकार ने समान नागरिक का संहिता बिल को कैबिनेट से पास कर विधानसभा में पेश करने की तैयारी कर ली है। यदि विधानसभा में यह बिल पास हो जाता है तो उत्तराखंड देश का ऐसा पहला राज्य बनेगा जहां यह कानून लागू होगा। उत्तराखंड में धामी सरकार ने एक कमेटी का गठन किया था जिसने डेढ़ साल में ड्राफ्ट तैयार किया। हालांकि जो रिपोर्ट तैयार की गई है इसका एक महत्वपूर्ण बिंदु जनसंख्या को लेकर भी है जिसे इस बिल में शामिल नहीं किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार जनसंख्या नियंत्रण को अभी सम्मिलित नहीं किया गया है। इस बिल में जो खास बात शामिल की गई है उसमें लड़कियों की विवाह आयु बढ़ाई गई है ताकि वे अपनी स्नान तक की पढ़ाई पूरी कर सके और स्वावलंबी बने। किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधा का लाभ उठाने के लिए दंपतियों को अब विवाह का रजिस्ट्रेशन करना होगा अन्यथा सरकारी सुविधाओं से हाथ धोना पड़ सकता है। पति–पत्नी दोनों को तलाक के समान आधार उपलब्ध होंगे। तलाक का जो ग्राउंड पति के लिए लागू होगा, वही पत्नी के लिए भी लागू होगा। फिलहाल पर्सनल लॉ के तहत पति और पत्नी के पास तलाक के अलग–अलग ग्राउंड हैं। पॉलीगैमी या बहुविवाह पर रोक लगेगी। उत्तराधिकार में लड़कियों को लड़कों के बराबर का हिस्सा मिलेगा। अभी तक पर्सनल लॉ के मुताबिक लड़के का शेयर लड़की से अधिक है। नौकरीशुदा बेटे की मृत्यु पर पत्नी को मिलने वाले मुआवजे में वृद्ध माता–पिता के भरण पोषण की भी जिम्मेदारी होगी। अगर पत्नी पुर्नविवाह करती है तो पति की मौत पर मिलने वाले कंपेंशेसन में माता–पिता का भी हिस्सा होगा। इन खास बातों के अलावा बिल में मुस्लिम महिलाओं सहित सभी को गोद लेने का अधिकार मिलेगा जबकि हलाला और इद्दत पर रोक लगेगी। लिव इन रिलेशनशिप का डिक्लेरेशन आवश्यक होगा। ये एक सेल्फ डिक्लेरेशन की तरह होगा जिसका एक वैधानिक फॉर्मैट लग सकती है।पति–पत्नी के झगड़े की स्थिति में बच्चों की कस्टडी उनके ग्रैंड पैरेंट्स को दी जा सकती है। समान नागरिक संहिता की इन प्रमुख बातों मैं जनसंख्या नियंत्रण को अलग रखा गया है जो कहीं ना कहीं यह बताता है कि राज्य सरकार इस मामले में विवाद पैदा नहीं करना चाहती है। इतना तो जरूर है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप जनता से किए गए वादों को चरणबद्ध तरीके से पूरे कर रहे हैं लेकिन विधानसभा सत्र में इस बिल को पेश करने के साथ विपक्ष का क्या नजरिया होगा इस पर सभी की नजर रहेगी।

## हेमंत की गिरफ्तारी, विपक्षी नेता चिंता में

बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदल कर एनडीए में चले जाने और भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बन जाने की घटना ने कांग्रेस और विपक्ष को जितनी चिंता में नहीं डाला है उससे ज्यादा चिंता झारखंड के घटनाक्रम से हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर पर बैठ कर जिस तरह से ईडी ने उनका इस्तीफा कराया और उसके बाद उनको गिरफ्तार किया उससे विपक्ष के कई नेता बेचैन हुए हैं। खास कर ऐसे नेता, जिनसे ईडी की पूछताछ चल रही है और अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल और हरियाणा से लेकर दिल्ली व महाराष्ट्र तक विपक्षी पार्टियों के नेता चिंता में हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। उनकी चिंता यह है कि अगर भाजपा को लगा कि किसी नेता की वजह से 2024 के चुनाव में नुकसान हो सकता है तो एजेंसी उस नेता को गिरफ्तार करके रास्ते से हटा सकती है।

इस चिंता में सबसे ज्यादा लालू प्रसाद का परिवार है। उनके परिवार के पांच लोगों से ईडी की पूछताछ चल रही है। लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव और दो बेटियों, मीसा भारती व हेमा यादव का नाम जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े कथित घोटाले में शामिल किया गया है। लालू से 29 और तेजस्वी से 30 जनवरी को पूछताछ हुई थी। अब राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को नौ फरवरी को दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उसी दिन इन तीनों को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश होना है, जहां आरोप तय होंगे। सो, लालू परिवार में चिंता है। लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव में से किसी को गिरफ्तार होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इनके करीबी रहे अमित कत्याल ने केंद्रीय एजेंसी को कुछ जानकारी दी है। कत्याल अभी जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि राजद की राजनीति लालू और तेजस्वी ही संभाल रहे हैं।

इसी तरह दिल्ली में आम आदमी पार्टी में चिंता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत परेशान हैं और इस परेशानी में ही वे विधायकों को 25–25 करोड़ रुपए देने और उन्हें तोडऩे की साजिश के अनाप–शनाप आरोप लगा रहे हैं। वे किसी तरह से यह दिखाना चाहते हैं कि भाजपा उनकी पार्टी तोडऩे और सरकार गिराने के लिए उनको गिरफ्तार करना चाहती है। वे भ्रष्टाचार के नैरेटिव से ध्यान हटाना चाहते हैं, जबकि भाजपा का प्रयास उनको भ्रष्टाचार के आरोप में घर कर उनके कट्टर ईमानदार होने के नैरेटिव को खत्म करने का है। उनकी पार्टी के दो नेता, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं और अगर केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो उनकी पार्टी का प्रचार अभियान पटरी से उतर जाएगा। ईडी ने उनको पांचवां समन जारी किया है और दो फरवरी को हाजिर होने के लिए कहा है।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के ऊपर सीधे कोई आरोप नहीं है। लेकिन उनकी पार्टी के आधा दर्जन से ज्यादा बड़े नेता, विधायक और पूर्व मंत्री गिरफ्तार हो चुके हैं। ममता की चिंता भतीजे अभिषेक और उनकी पत्नी व ससुराल के अन्य लोगों की गिरफ्तारी की है। शिक्षक भर्ती व राशन में कथित घोटाला और कोयला तस्करी का मामला चल रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेताओं पर भी कार्रवाई हो रही है। पवार की चिंता अपने पोते रोहित पवार को लेकर है, जो परिवार के विवाद में अजित के साथ जाने की बजाय उनके साथ रहे हैं। रोहित से ईडी ने पूछताछ की है और जल्दी ही उनको दोबारा बुलाया जा सकता है।

## नगर निगम के लिए भी नैतिकता तार–तार!

**हरिशंकर व्यास**

**दिल्ली नगर निगम के चुनाव में हार जाने के बाद भी भाजपा ने कितनी तरह के उपाय किए थे कि आम आदमी पार्टी का मेयर नहीं बन पाए वह सबने देखा था। भाजपा ने एल्डरमैन नियुक्त कर दिए, उनको वोट देने का अधिकार दे दिया और प्रयास किया कि उसका मेयर बन जाए। कई बार मेयर का चुनाव इस वजह से टला और फिर अदालत के दखल देने के बाद एल्डरमैन चुनाव से बाहर रखे गए और आप का मेयर चुना गया। राजधानी दिल्ली में नगर निगम पर 10 साल भाजपा का नियंत्रण था। तभी वह हार के बाद भी निगम छोडऩा नहीं चाहती थी। जबकि दिल्ली में भी उप राज्यपाल के जरिए केंद्र का ही शासन चलता है। फिर भी यह बात समझ में आती है कि दिल्ली नगर निगम बहुत बड़ा है। राजधानी है और इसका बजट भी बड़ा है। लेकिन चंडीगढ़ तो इतना छोटा शहर है, जहां दो राज्यों की राजधानी है और केंद्र का शासन है। फिर वहां के नगर निगम के लिए इतनी धांधली की क्या जरुरत थी?**

चंडीगढ़ नगर निगम के चुनाव में भाजपा ने जो किया वह राजनीति और संविधान दोनों की मर्यादा को तार तार करने वाला था। चंडीगढ़ में भाजपा का सात साल से मेयर था। तभी लाख टके का सवाल है कि आठवें साल भी भाजपा का ही मेयर बने, ऐसा क्यों जरूरी था? क्या 36 निर्वाचित और नौ मनोनीत सदस्यों वाले नगर निगम में भाजपा का मेयर नहीं बनता तो कोई आफत आ रही थी? सोचें, चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश है और केंद्र की ओर से नियुक्त प्रशासक के हाथ में वहां का प्रशासन है। सो सोचे, स्पष्ट रूप से केंद्र का शासन जिस प्रदेश में हो वहां छोटे से नगर निगम पर भी कब्जा करना किस मानसिकता का प्रतीक माना जाए? दिल्ली नगर निगम के चुनाव में हार जाने के बाद भी भाजपा ने कितनी तरह के उपाय किए थे कि आम आदमी पार्टी का मेयर नहीं बन पाए वह सबने देखा था। भाजपा ने एल्डरमैन नियुक्त कर दिए, उनको वोट देने का अधिकार दे दिया और प्रयास किया कि उसका मेयर बन जाए। कई बार मेयर का चुनाव इस वजह से टला और फिर अदालत के दखल देने के बाद एल्डरमैन चुनाव से बाहर रखे गए और आप का मेयर चुना गया। राजधानी दिल्ली में नगर निगम पर 10 साल भाजपा का नियंत्रण था। तभी वह हार के बाद भी निगम छोडऩा नहीं चाहती थी। जबकि दिल्ली में भी उप राज्यपाल के जरिए केंद्र का ही शासन चलता है।

फिर भी यह बात समझ में आती है कि दिल्ली नगर निगम बहुत बड़ा है। राजधानी है और इसका बजट भी बड़ा है। लेकिन चंडीगढ़ तो इतना छोटा शहर है, जहां दो राज्यों की राजधानी है और केंद्र का शासन है। फिर वहां के नगर निगम के लिए इतनी धांधली की क्या जरुरत थी? 36 सदस्यों के नगर निगम में भाजपा के 14, आम आदमी पार्टी के 13, कांग्रेस के सात और अकाली दल का एक सदस्य हैं। एक पदेन सदस्य चंडीगढ़ का सांसद होता है, जो कि भाजपा की किरण खेर हैं। सो, किरण खेर सहित भाजपा के 15 पार्षद थे, जबकि दूसरी ओर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के 20 पार्षद थे। पिछले चुनाव के बाद से दो बार मेयर के चुनाव हुए थे, जब कांग्रेस ने उसमें हिस्सा नहीं लिया था तो भाजपा जीत गई थी। लेकिन इस बार आप और कांग्रेस ने तालमेल कर लिया तो उनकी जीत पक्की होनी थी।

लेकिन किसी हाल में अपना कब्जा बनाए रखने की सोच में भाजपा ने पहले तो अचानक चुनाव टलवा दिया। प्रशासन की ओर से चुनाव के दिन यानी 18 जनवरी को अचानक कह दिया गया कि चुनाव छह फरवरी को होगा। लेकिन कांग्रेस और आप हाई कोर्ट गए, जहां अदालत ने हर हाल में 30 जनवरी तक चुनाव कराने को कहा। जब चुनाव टालने और पार्षदों को तोडऩे का दांव नहीं चला तो भाजपा के नेता रहे अनिल मसीह को 30 जनवरी के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर दिया गया। उनके सामने 36 सदस्यों ने वोट डाले और वे सबके वोट निकाल कर गिनने लगेऔर भाजपा को 16 और आप के उम्मीदवार को 20 वोट मिले। लेकिन उन्होंने आप और कांग्रेस के आठ वोट अवैध कर दिए। फिर चार वोट से भाजपा की जीत घोषित कर दी। एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे बैलेट पेपर पर पेन चलाते दिख रहे हैं।

एक छोटे से नगर निगम के चुनाव को जीतने के लिए भाजपा ने संवैधानिक और राजनीतिक दोनों मर्यादा ताक पर रख दी। सबको दिख रहा है कि विपक्ष के वोट गलत तरीके से अवैध करके भाजपा जीती है। फिर भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा को जीत की बधाई दी। जिस पार्टी के पास देश की सत्ता है। जिस पार्टी की 17 राज्यों में अपनी या सहयोगी पार्टी के जरिए सरकार है। जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है।

वह पार्टी 36 सदस्यों के छोटे से नगर निगम का चुनाव जीतने के क्या इतनी बड़ी धांधली कर सकती है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भाजपा के लिए इतनी बड़ी चिंता का कारण बन गया है कि उसने दोनों को नगर निगम का चुनाव भी नहीं जीतने देने की कसम खा ली।

## नीतिगत दस्तावेज

**अजीत द्विवेदी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नए संसद भवन में जो पहला बजट भाषण पढ़ा है वह नीतिगत दस्तावेज कम और खर्च का लेखा–जोखा ज्यादा है। वैसे अंतरिम बजट ऐसा ही होना चाहिए। पांच बजट पेश करने के बाद जाती हुई सरकार को नीतिगत घोषणाएं करने की बजाय सिर्फ हिसाब किताब रखना चाहिए और चुनाव के बाद तक के लिए जरूरी खर्च की अनुमति लेनी चाहिए। इस लिहाज से देखें तो निर्मला सीतारमण के भाषण को अंतरिम बजट का टेक्स्ट बुक भाषण कह सकते हैं।

उन्होंने खर्च का लेखा–जोखा पेश किया लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जोर यह बताने पर दिया कि उनके पहले के पांच बजटों से क्या क्या हासिल हुआ है या 10 साल के नरेंद्र मोदी के शासन में देश में क्या क्या सुधार हुए हैं। उन्होंने 10 साल की उपलब्धियों के आंकड़े पेश किए। वैसे एक पुरानी कहावत है कि झूठ तीन तरह के होते हैं– झूठ, सफेद झूठ और आंकड़े।

बहरहाल, वित्त मंत्री ने बताया कि नरेंद्र मोदी के शासन में आयकर भरने वालों की संख्या में ढाई गुना की बढ़ोतरी हुई है और सरकार के प्रयासों से पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया है कि मनमोहन सिंह के दस साल यानी 2004 से 2014 के बीच आए विदेशी निवेश के मुकाबले 2014 से 2024 के बीच दोगुना विदेशी निवेश आया है। कुछ और बड़े आंकड़े हैं जैसे कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 34 लाख करोड़ रुपए लोगों के खाते में डाले गए। पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया। मुफ्त राशन से 80 करोड़ लोगों के खाने की चिंता खत्म हुई। करीब डेढ़ करोड़ युवाओं को कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिया गया। 30 करोड़ कर्ज महिला उद्यमियों को बांटे गए। चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का लाभ मिला तो 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को सम्मान निधि का फायदा हुआ। इस तरह के आंकड़ों की लंबी सूची है, जिसे करीब एक घंटे के भाषण में वित्त मंत्री न पढ़ा। चुनाव से दो महीने पहले और क्या कहा जाता!

उपलब्धियां बताने के बाद कुछ वादे भी किए गए। वित्त मंत्री ने कहा कि जिस तरह से गरीबों के लिए आवास की योजना है वैसे ही आवास योजना मध्य वर्ग के लिए शुरू की जाएगी। उनके लिए दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। 40 हजार सामान्य रेल कोच को वंदे भारत जैसे कोच में बदला जाएगा। लक्षद्वीप के विकास पर ज्यादा खर्च किया जाएगा। इलेक्ट्रिक गाडिय़ों को बढ़ावा देंगे और 50 साल में एक लाख करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त कर्ज देंगे। नौ से 14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें सरवाइकल कैंसर का टीका भी शामिल है। अलग अलग समूहों के लिए इस तरह के कई और वादे हैं।

उपलब्धियों और वादे के बाद कुछ जुमले भी वित्त मंत्री ने सुनाए। जैसे जीडीपी का मतलब ह्यगवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉरमेंसह्न होता है या एफडीआई का मतलब ह्यफर्स्ट डेवलप इंडियाह्न होता है। कुछ सचाई वाली तस्वीरें भी रखीं। जैसे सरकार को हर तरह के टैक्स से कुल 30 लाख करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा, जबकि खर्च 44 लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का होगा। इसका मतलब है कि 14 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया जाएगा। ध्यान रहे केंद्र सरकार देश की जीडीपी के 57 फीसदी के बराबर कर्ज ले चुकी है। 2014 में देश पर जो कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए था वह अब 160 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। राज्यों का कर्ज जोड़ें तो कुल जीडीपी के 85फीसदी तक कर्ज हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को चिंता है कि भारत कहीं वेनेजुएला, यूनान या इटली वाली स्थिति को न प्राप्त हो।

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने साफ कहा कि टैक्स स्लैब में कोई छूट नहीं दी जाएगी। यानी मध्य वर्ग को आयकर में कोई राहत नहीं मिली है, जिसकी चुनावी साल में उम्मीद की जा रही थी। जीएसटी को लेकर भी वित्त मंत्री ने कुछ नहीं कहा। पेट्रोल, डीजल को जीएसटी में लाने या उसमें सुधार की कोई बात अंतरिम बजट में नहीं कही गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के सस्ता होने की वजह से पेट्रोलियम उत्पादों के दाम कम होने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन उत्पाद शुल्क में कटौती की कोई बात नहीं हुई। असल में सरकार सफलतापूर्वक यह झूठा नैरेटिव स्थापित करने में कामयाब हो गई है कि लोगों के टैक्स के पैसे से देश में विकास का काम होता है। राह चलता आदमी बताता है कि टैक्स के पैसे से सडक़ें बनती हैं। यह अलग बात है कि वह उसी सडक़ पर भारी भरकम टोल टैक्स चुका कर चलता है। उसके अलावा गाड़ी खरीदते समय रोड टैक्स देता है, पेट्रोल–डीजल पर 50 फीसदी तक शुल्क देता है और प्रति लीटर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का उपकर अलग से देता है।हकीकत यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया में 143वें स्थान पर है और आयकर, जीएसटी, उत्पाद शुल्क, हाउस टैक्स, रोड टैक्स, टोल टैक्स सहित दर्जनों तरह के टैक्स को मिला कर दुनिया में समग्र औसत टैक्स भारतीयों का सबसे ज्यादा है। भारत सरकार का टैक्स राजस्व पिछले 10 साल में तीन सौ फीसदी बढ़ा है। अब जीएसटी से सरकार को कॉरपोरेट और आयकर से ज्यादा राजस्व मिल रहा है। और हां, वेल्थ टैक्स सरकार ने खत्म कर दिया है।

# हेमंत के पिता शिबू सोरेन भी फंसे थे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में

रांची ,झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में जेल में हैं। उनके पिता शिबू सोरेन भी केंद्र में मंत्री और सांसद रहते हुए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में फंसे थे।

1993 के सांसद घूसकांड में हेमंत सोरेन के पिता और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन का नाम जोर–शोर से उछला था। शिबू सोरेन समेत जेएमएम के चार सांसदों पर आरोप लगा था कि उन्होंने तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार को बचाने के लिए घूस ली थी। आरोप था कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के तीन सांसदों झ शैलेंद्र माहतो, साइमन मरांडी और सूरज मंडल झ के घर सूटकेस भर–भर कर नोटों की गड्डियां पहुंची थीं।

1993 में केंद्र में कांग्रेस की नरसिम्हा राव की सरकार चल रही थी। 28 जुलाई 1993 को बीजेपी नरसिम्हा राव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई, सरकार का गिरना लगभग तय था, लेकिन जब संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई तो जेएमएम के सांसदों ने सरकार के पक्ष में और



अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया और इस तरह कांग्रेस की सरकार बच गई। कांग्रेस की सरकार तो बच गई लेकिन नरसिम्हा राव सरकार पर सरकार बचाने के लिए घूस देने के जो आरोप लगे उसके दाग कभी नहीं धुले।

1995 में भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने इस घूसकांड का संसद के भीतर सनसनीखेज खुलासा किया था। वाजपेयी संसद के सभी सदस्यों के सामने जेएमएम के सांसद शैलेंद्र महतो को लेकर आए।

शैलेंद्र महतो ने स्वीकार किया कि शिबू सोरेन समेत उनकी पार्टी के सांसदों ने कांग्रेस की सरकार को बचाने के लिए 50–50 लाख रुपए की घूस ली थी। इस खुलासे के बाद इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई गई।

सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में खुलासा किया कि एक मारुति जिप्सी में सूटकेस भरकर रुपए लाए गए थे और कांग्रेस नेता सतीश शर्मा के फार्म हाउस पर हुई पार्टी में इन पैसों को जेएमएम सांसदों को बांटा गया।

सीबीआई ने चार्जशीट में बताया था कि कांग्रेस नेता बूटा सिंह ने 26 जुलाई 1993 को नरसिम्हा राव के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने के लिए जेएमएम के चार सांसदों से संपर्क किया था और इसके बाद उन चारों सांसदों को बूटा सिंह तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से मिलवाने के लिए उनके सरकारी आवास 7 रेसकोर्स ले गए। बूटा सिंह ने खुद इस बात को स्वीकार किया था।

हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में रिश्वत लेने वाले सभी नौ सांसदों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 105(2) के तहत उन्हें अभियोजन से मिली छूट का हवाला देते हुए इस केस को रद्द कर दिया था। 2000 में कोर्ट ने सिर्फ राव व बूटा सिंह को दोषी करार दिया,

## कावेरी वन्यजीव अभयारण्य में 50 साल बाद देखे गये बाघ

चेन्नई ,। तमिलनाडु में कृष्णागिरी जिले के कावेरी नॉर्थ वन्यजीव अभयारण्य में ज्वालागिरी रेंज के आरक्षित वनों में 50 वर्ष के अंतराल के बाद दो बाघ देखे गये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बाघों को वन विभाग द्वारा लगाये गये कैमरा ट्रैप में रिकॉर्ड किया गया था।मुख्य वन्यजीव वार्डन श्रीनिवास आर. रेड्डी ने कहा कि होसूर की वन्यजीव वार्डन सुश्री के. कार्तिकेयनी ने बताया है कि दो बाघों की प्रत्यक्ष रिकॉर्डिंग है, जिनमें से एक नर बाघ 4–5 वर्ष के आयु वर्ग में और दूसरा बाघ 8–9 वर्ष के आयु वर्ग में है।इन दोनों बाघों की तस्वीरें जनवरी 2024 के महीने में ज्वालागिरी रेंज में रिजर्व वन क्षेत्रों के अंदर लगाये गये कैमरा ट्रैप के माध्यम से रिकॉर्ड की गयीं।ज्वालागिरी रेंज हाल ही में अधिसूचित कावेरी साउथ वन्यजीव अभयारण्य के निकट है जो संरक्षित क्षेत्र का एक हिस्सा है।बाघों की उपस्थिति संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाती है तथा इससे यह भी पता चलता है कि भनेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान और आस–पास के संरक्षित क्षेत्रों से बाघों की आबादी को समायोजित करने के लिए यह आवास व्यवहार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### द्रमुक पदाधिकारी की हत्या में गिरफ्तार 13 लोगों में अन्नाद्रमुक का नेता भी

चेन्नई , द्रमुक के एक स्थानीय नेता की हत्या के मामले में अन्नाद्रमुक के एक स्थानीय पदाधिकारी समेत कम से कम 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

तमिलनाडु के मदुरै जिले के एमके पुरम इलाके में 27 जनवरी को द्रमुक के स्थानीय नेता थिरुमुगम (45) की हत्या कर दी गई थी। वह जिले के वार्ड 77 से द्रमुक के सचिव थे। पुलिस ने कहा कि पांच सदस्यीय गिरोह ने थिरुमुगम की उस समय हत्या कर दी जब वह मदुरै के एमके पुरम में अपने घर के सामने बैठे थे।पुलिस ने स्थानीय अन्नाद्रमुक नेता थावकुमार को गिरफ्तार कर लिया, जो मृतक थिरुमुगम का करीबी रिश्तेदार भी है।हालांकि थिरुमुगम की हत्या के पीछे व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता मानी जा रही है, मदुरै पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस से कहा कि वे हत्या में राजनीतिक पहलू से इनकार नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि दक्षिण तमिलनाडु के जिले मदुरै, थेनी और तिरुनेलवेली बेहद संवेदनशील इलाके हैं और यहां हत्याओं के बाद जवाबी हत्याएं होती रहती हैं।थावकुमार और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मदुरै जिला पुलिस हाई अलर्ट पर है और इलाके में पुलिस की एक मजबूत टुकड़ी तैनात की गई है।

### शाह से मुलाकात के बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री बोले– केंद्र लोगों के हित में अहम फैसले लेगा

नई दिल्ली ,मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कहा कि केंद्र मणिपुर के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेने के लिए तैयार है। जो पिछले नौ महीनों में जातीय हिंसा से तबाह हो गया है।

गृहमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, आज मुझे नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी से मिलने का गौरव प्राप्त हुआ। गहन आदान–प्रदान में संलग्न होकर, हमने अपने राज्य से संबंधित सर्वोपरि महत्व के मामलों पर चर्चा की। निश्चिंत रहें, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए तैयार है।

सिंह ने एक अन्य पोस्ट में कहा, केंद्रीय गृहमंत्री के साथ बैठक के बाद मैंने नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मणिपुर में शांति को बढ़ावा देने के लिए किए गए रणनीतिक उपायों पर सार्थक चर्चा हुई। इंफाल में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शाह और गृह मंत्रालय के अधिकारियों को मणिपुर, खासकर सीमावर्ती शहर मोरेह की ताजा स्थिति से अवगत कराया।

# मप्र में उम्मीदवारी चयन में फिर चौंकाने की तैयारी में भाजपा

भोपाल ,मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी वर्तमान सांसदों का जमीनी रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है तो वहीं बेहतर नए चेहरों की तलाश में भी जुटी है। संभावना इस बात की जताई जा रही है कि पार्टी लोकसभा चुनाव में कई नए चेहरों को मैदान में लाकर चौंका सकती है।

भाजपा की प्रयोगशाला के तौर पर मध्य प्रदेश की पहचान है और पार्टी ने राज्य में कई फैसले ऐसे लिए हैं जिनका पूर्वानुमान सियासी पंडितों के अनुकूल भी नहीं निकला। इसी आधार पर यह संभावना जताई जा रही है कि लोकसभा चुनाव में भी ऐसे नाम सामने आ सकते हैं जो चर्चाओं में भी नहीं है। राज्य में लोकसभा की कुल 29 सीटें हैं जिनमें से वर्ष 2019 में हुए चुनाव में भाजपा ने 28 पर जीत दर्ज की थी, सिर्फ छिंदवाड़ा सीट कांग्रेस के पास है।

विधानसभा चुनाव में पार्टी ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था, इनमें से पांच को जीत



मिली, जबकि दो हार गए। वहीं पार्टी के पास छह सांसदों की नकारात्मक रिपोर्ट आई है। इस तरह पार्टी 12 से 13 चहरों में बदलाव कर सकती है। इसी आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर जो फैसला करेगी वह चौंकाने वाले होंगे। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि भाजपा तीन बार से ज्यादा लोकसभा का चुनाव लड़ चुके नेताओं को एक बार फिर मैदान में उतारने की तैयारी में नहीं है, इसके चलते कई सांसदों का चुनाव लडऩा खतरे में पड़ सकता है।

वहीं पार्टी विधानसभा चुनाव की तरह नए चेहरों पर दांव लगा सकती है। इसके पीछे कारण है कि एक तरफ पांच सांसद विधायक बन चुके हैं, जिसके चलते मुरैना, जबलपुर, दमोह सीधी और नर्मदापुरम की सीटें खाली हुई हैं।

## कश्मीर में बर्फबारी, सुबह की उड़ानें रद्द और अन्य स्टैंडबाय पर

श्रीनगर ,बर्फबारी के चलते रविवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह की सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं।

हवाईअड्डे के अधिकारियों ने कहा कि बर्फबारी के चलते हवाईअड्डे पर सुबह की सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं और बाकी दिनों के लिए उड़ानों को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

अधिकारियों ने कहा, मौसम के अनुरूप उड़ानें फिर से शुरू करने की समीक्षा की जाएगी।

पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर में सीजन की पहली भारी बर्फबारी हुई है। बर्फबारी से लंबे समय से सूखे की चिंता से स्थानीय लोगों को राहत मिली है। गर्मियों के दौरान विभिन्न नदियों, झीलों, झरनों और अन्य जल निकायों में पर्याप्त पानी की संभावनाएं दिखाई दी हैं।

## ओबीसी आरक्षण पर अपनी ही सरकार के खिलाफ उतरे भुजबल

अहमदनगर ,महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने शनिवार को खुलासा किया कि उन्होंने पिछले नवंबर में राज्य मंत्रिमंडल से अपना इस्तीफा दे दिया था। छगन भुजबल वही मंत्री है जिन्होंने अपनी ही सरकार पर पिछले दरवाजे से मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा में आरक्षण देने का आरोप लगाया है। भुजबल ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए दोहराया कि वह मराठा समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में नहीं हैं, लेकिन मौजूदा ओबीसी कोटा साझा करने के खिलाफ हैं। वह अजित पवार–नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सदस्य हैं।

भुजबल ने कहा, ह्यह्यविपक्ष के कई नेता और यहां तक कि मेरी सरकार के नेता भी कहते हैं कि मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए। किसी ने कहा कि भुजबल को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

# तेलंगाना के पूर्व उपमुख्यमंत्री राजैया ने पार्टी छोडक़र बीआरएस को दिया झटका

हैदराबाद ,भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को झटका देते हुए तेलंगाना के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी. राजैया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पूर्व विधायक ने घोषणा की कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि राजैया के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। हाल के विधानसभा चुनावों में राज्य में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद राजैया बीआरएस छोडऩे वाले पहले प्रमुख नेता हैं। केसीआर की पार्टी को यह झटका लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले लगा है।

राजैया कथित तौर पर तब से नाखुश थे, जब बीआरएस नेतृत्व ने उन्हें जनगांव जिले के घनपुर (स्टेशन) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लडऩे के लिए पार्टी का टिकट देने से इनकार कर दिया था। बीआरएस ने राजैया के प्रतिद्वंद्वी कादियाम श्रीहरि को मैदान में उतारा था, जो पूर्व डिप्टी सीएम भी थे। राजैया को शांत करने के लिए बीआरएस अध्यक्ष और तत्कालीन मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने उन्हें रायथु बंधु समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था, लेकिन बीआरएस के सत्ता खोने के साथ उनकी खुशी काफूर हो गई।

चूंकि राज्य में कांग्रेस की लहर होने के बावजूद श्रीहरि ने सीट जीत ली, राजैया को पार्टी में और भी अलग–थलग महसूस हुआ। राजैया ने बीआरएस के मौजूदा हालात पर असंतोष जताया और कहा कि उन्हें पार्टी में हाशिए पर रखा गया है। राजैया ने अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में तो नहीं बताया, लेकिन कांग्रेस के लिए उनकी प्रशंसा से संकेत मिलता है कि वह जल्द ही सबसे पुरानी पार्टी में शामिल होंगे।

उन्होंने याद दिलाया कि वह 15 साल तक कांग्रेस में थे और तेलंगाना के लिए कांग्रेस फोरम के सदस्य के रूप में उन्होंने तेलंगाना के लिए अलग राज्य की मांग के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात की थी। राजैया पहली बार 2009 में घनपुर (स्टेशन) विधानसभा सीट से चुने गए थे। तब से वह इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद वह दो डिप्टी सीएम में से एक बने और उन्हें स्वास्थ्य विभाग आवंटित किया गया था।

# भारत में बढ़ रहे हैं पारिवारिक कैंसर के मामले : विशेषज्ञ

नई दिल्ली , हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इसी को लेकर विशेषज्ञों ने भारत में ह्यपारिवारिक कैंसरह्ल के बढ़ते मामलों पर अपनी चिंता व्यक्त की है। पारिवारिक कैंसर की विशेषता एक ही प्रकार के कैंसर से पीड़ित दो या दो से अधिक प्रथम–डिग्री रिश्तेदारों में जीन म्यूटेशन है। विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति जेनेटिक प्रवृत्ति, परिवर्तनशील जीन प्रवेश और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होती है।सीके बिड़ला अस्पताल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक मनदीप सिंह मल्होत्रा ने आईएएनएस को बताया, पारिवारिक कैंसर तब उत्पन्न होता है जब परिवार के कई सदस्यों को एक ही कैंसर होने की संभावना अधिक होती है। जबकि पर्यावरणीय कारक भूमिका निभा सकते हैं, कई मामलों में जेनेटिक जीन शामिल होते हैं, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा, ये जीनोमिक कैंसर वैश्विक कैंसर के 5–10 प्रतिशत मामलों में शामिल हैं और रोकथाम के लिए इन्हें समझना महत्वपूर्ण है। अन्य उल्लेखनीय पारिवारिक कैंसर के प्रकारों में मेडुलरी थायरॉयड कैंसर, पारिवारिक एडिनोमेटस पॉलीपोसिस और कोलोरेक्टल कैंसर से जुड़ा लिंच सिंड्रोम शामिल हैं। जेनेटिक कैंसर सिंड्रोम पर मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर द्वारा किए गए डेटा विश्लेषण से कुल सकारात्मकता दर 49.02 प्रतिशत सामने आई।

इसमें परीक्षण के लिए गए 102 रोगियों के परिणामों का अध्ययन किया गया।

कुल पाए गए मामलों में से, अधिकतम मामले स्तन कैंसर (34 प्रतिशत) के थे, इसके बाद गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर (30 प्रतिशत), डिम्बग्रंथि (8 प्रतिशत) और प्रोस्टेट कैंसर थे। मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड की मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी और वरिष्ठ ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट कीर्ति चड्ढा ने कहा, कैंसर के 10–15 प्रतिशत मामलों में परिवार की क्रमिक पीढिय़ों से चली आ रही जेनेटिक प्रवृत्ति को जिम्मेदार ठहराया गया है। स्तन, बृहदान्त्र, मूत्राशय और डिम्बग्रंथि के कैंसर आमतौर पर जेनेटिक प्रवृत्ति से जुड़े होते हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने विशेष रूप से कम से कम दो अलग–अलग प्राथमिक ठोस ट्यूमर कैंसर के व्यक्तिगत इतिहास वाले व्यक्तियों में रोगजनक उत्परिवर्तन की उच्च पहचान दर देखी। उन्होंने कहा, बीआरसीए संबंधित कैंसर का निदान 40 वर्ष या उससे कम उम्र में किया जाता है, कोलोरेक्टल पॉलीपोसिस का इतिहास और स्तन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिम्बग्रंथि और प्रोस्टेट कैंसर में उच्च अनुपात के साथ ऐसे अन्य उद्धृत संबंध हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के परिवार के करीबी सदस्यों को कैंसर है तो उन्हें परामर्श लेने पर विचार करना चाहिए।

# 'मुझे पापा से डांट....' तूफानी शतक जड़ने के बावजूद भी गिल को आखिर किस बात का है डर?





नई दिल्ली।भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला विशाखापट्टनम के डॉ वाइ एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक स्टंप्स तक इंग्लैंड की टीम ने दूसरी पारी में एक विकेट के नुकसान पर 67 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड की तरफ से क्राउली (29) और रेहन अहमद (9) रन पर नाबाद हैं। इंग्लैंड की टीम को जीत के लिए 332 रन की जरूरत हैं। भारत की तरफ से शुभमन गिल ने दूसरी पारी में शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 147 गेंदों का सामना करते हुए 104 रन बनाए। इस तूफानी शतक जड़ने के बावजूद शुभमन गिल को एक बात का डर हैं। उन्होंने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि मुझे पापा से डांट पड़ सकती है, इस बात का मुझे डर हैं। आखिर गिल ने ऐसा क्यों कहा आइए जानते हैं ?दरअसल, शुभमन गिल ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि मैं निश्चित रूप से काफी ज्यादा खुश हूं, लेकिन सच कहूं तो मैंने बहुत कुछ छोड़ दिया। पहले तो मुझे यह एहसास नहीं हुआ कि पैड पर अंदरूनी किनारा लगा। अय्यर ने कहा कि अगर यह अंपायर की कॉल है तो मैं इसे ले लूंगा। मुझे उम्मीद थी कि चायकाल तक 5-6 ओवर ही खेलना चाहिए था। बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छा विकेट है। खुद के आउट होने पर गिल ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है (उस शॉट के लिए मेरे पापा मुझे जरूर डांटने वाले हैं , जिस वजह से मैं आउट हुआ। होटल वापस आने पर मुझे पता चल जाएगा, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मुझे डांट पड़ेगी।

हालांकि, गिल के चेहरे पर हंसी थी जब वह ये स्टेटमेंट दे रहे थे। इसके बाद जब गिल से पूछा गया कि उनके पिता स्टेडियम में सपोर्ट करने के लिए पहुंचे थे तो ऐसे में वह कैसा महसूस करते हैं। गिल ने कहा कि मेरे पापा ज्यादातर खेल देखने आते है, ऐसा कोई दवाब नहीं होता है। मुझे लगता है कि इस समय यह 70-30 है। सुबह का सत्र अहम होगा। हमने देखा है कि सुबह नमी होती है जिसे तेज गेंदबाजों और स्पिनर्स को मदद मिलती है। गिल ने आगे ये भी कहा कि यह मेरे लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए महत्वपूर्ण और संतुष्टि देने वाली पारी थी। हमारे लिए बड़ी बढ़त लेना जरूरी था और इसके लिए ज्यादा से ज्यादा रन बनाने थे। मैं ऐसा कर सका इससे खुश हूं।

# पीकेएल 10 : सुमित के हाई 5 से यूपी योद्धाओं की यू मुंबा पर महत्वपूर्ण जीत



नई दिल्ली , यहां के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में शनिवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मैच में यूपी योद्धाओं ने सुमित के कुछ अच्छे बचाव को रेडर गगना गौड़ा और महिपाल की मदद से यू मुंबा पर 38-23 से प्रभावशाली और महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

पूरे मैच के दौरान यू मुंबा के कई बदलावों से टीम को ज्यादा फायदा नहीं हुआ, शिवम के ऑफ द बेंच से पांच अंक लेने के बावजूद, लेकिन यूपी योद्धाओं को प्लेऑफ की दौड़ में अहम लाइफलाइन मिली।मैच दोनों तरफ झुक गया, क्योंकि शुरुआत में रक्षकों का दबदबा कायम रहा। यूपी योद्धा और यू मुंबा के रेडर मैच की शुरुआत में अपने-अपने करो या मरो रेड में असफल रहे, यहां तक कि यू मुंबा ने सुपर टैकल हासिल करने के लिए स्टार रेडर परदीप नरवाल को भी मैट से बाहर भेज दिया।पहले हाफ में यूपी योद्धा अपने रक्षात्मक और आक्रमक आक्रमणों का अधिकतम लाभ उठाते हुए अंक अर्जित करने की होड़ में लग गए। एक और डू-ऑर-डाई रेड और फिर ऑल-आउट उनके पक्ष में गया, जिसका नेतृत्व महिपाल और गगना गौड़ा ने चार-चार अंकों के साथ किया।यूपी योद्धाओं के डिफेंडरों में स्टार लेफ्ट कॉर्नर सुमित थे, जिन्होंने भी चार अंक बनाए और उनकी टीम ने दूसरे हाफ में 18-11 की बढ़त बना ली।यू मुंबा ने दूसरे हाफ की शुरुआत में अपनी गलतियों की भरपाई करते हुए कुछ असाधारण बचाव किया और दूसरा सुपर टैकल अपने नाम कर लिया। हरफनमौला खिलाड़ी अमीरमोहम्मद जफरदानेश और संथापन सेल्वम ने अपनी टीम को खेल में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।यूपी योद्धाओं ने रणनीतिक समय समाप्ति के बाद यू मुंबा के खिलाफ एक और ऑल-आउट के साथ शुरुआत की, जिसके बाद सुमित ने रेडर शिवम को आउट करके अपना हाई 5 पूरा किया। तब तक मैच यू मुंबा के हाथ से निकल चुका था, क्योंकि परदीप नरवाल की अगुवाई वाली टीम ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी हार का सिलसिला खत्म कर दिया।

# अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के घर आने वाला है एक और नन्हा मेहमान



नई दिल्ली , टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के घर एक और नन्हा मेहमान आने वाला है।

इस बात का खुलासा कोहली के दोस्त दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने किया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने शनिवार को अपनी लाइव बातचीत में बताया कि अनुष्का दूसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं।

डिविलियर्स ने शनिवार को कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों से भारत के बल्लेबाज के हटने के बाद उन्होंने विराट कोहली को कॉल किया।

एबी डिविलियर्स ने अपने फैंस को बताया कि सब ठीक हैं और अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, उन्होंने कहा कि कोहली और अपने दूसरे बच्चे के जन्म की उम्मीद कर रहे हैं। गौरतलब है कि विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 2 टेस्ट के स्का-ड़ से अपना नाम वापस ले चुके हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कयासों के दौर शुरु हो गए।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज, दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 83 रन से हराया



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार, 4 फरवरी को वेस्टइंडीज को हराकर तीन मैच की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। दूसरे वनडे मैच में वेस्टइंडीज को 83 रन से हराया। अनुभवी ऑलराउंडर शॉन एबॉट ने बल्ले और गेंद दोनों में दमदार प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 258 रन बनाए। वेस्टइंडीज 175 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

शाई होप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और दोनों टीमों ने शुरुआती मैच से अपनी प्लेइंग इलेवन में दो-दो बदलाव किए। जेक फ्रेंजर मैकगर्क और विल सदरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना वनडे डेब्यू किया। वहीं, अल्जारी जोसेफ और केजर्न ओटले कैरेबियाई टीमे में शामिल किए गए।

**गुडाकेश मोती ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को झकझोरा**

फ्रेजर-मैकगर्क ने पहले ही ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन पांचवीं गेंद पर अल्जारी जोसेफ ने आउट कर पवेलियन की राह दिखाई। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों ने नई गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया और जोश इंगलिस और स्टीव स्मिथ के महत्वपूर्ण विकेट निकले।

**शॉन एबॉट ने खेली तूफानी पारी**

ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। 200 तक पहुंचते-पहुंचते 8 विकेट गिर गए थे। 8वें नंबर बल्लेबाजी करने आए शॉन एबॉट ने 63 गेंद पर 69 रन की पारी खेली और मैथ्यू शॉर्ट ने 41 रन का योगदान दिया। इन दोनों की पारी की बदौलत कंगारू टीम ने 250 का स्कोर बनाया। गुडाकेश मोती ने तीन विकेट लिए।

**हेजलवुड और एबॉट का सामना नहीं कर सके कैरेबियाई बल्लेबाज**

259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की बेहत खराब शुरुआत की। 19 के स्कोर पर पहला विकेट गिरा। 100 का स्कोर पार करते हुए वेस्टइंडीज की आधी टीम पवेलियन में लौट चुकी थी। कीसी कार्टी ने कैरेबियाई टीम के लिए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान शाई होप ने 29 रन का योगदान दिया। जोश हेजलवुड और शॉन एबॉट ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग : शुरुआती मैच में नीदरलैंड ने अमेरिका को हराया



भुवनेश्वर , यहां के कलिंगा स्टेडियम में महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन 5 के दूसरे मिनी टूर्नामेंट में नीदरलैंड ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 7-0 की जोरदार जीत के साथकी शुरुआत की। संयुक्त राज्य अमेरिका पर नीदरलैंड की प्रमुख जीत ने 2023/24 सीजन की शुरुआत में उनकी जीत की लय को पांच गेम तक बढ़ा दिया है।

पहले हाफ में डच खिलाड़ी धैर्यवान दिखीं, 13वें मिनट में बाईं बेसलाइन पर कुछ अच्छे इंटरप्ले के बाद लूना फोके ने एक गोल किया और इसके एक मिनट बाद दाईं बेसलाइन पर इसी तरह के इंटरप्ले के साथ पिएन डिके ने दो गोल किए।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने गोल रहित दूसरे क्वॉर्टर में अच्छी तरह से बचाव किया और आधे समय तक 2-0 से पीछे थी, लेकिन डच बहुत अधिक नियंत्रण में थे और जब उन्होंने दूसरे हाफ में तीव्रता बढ़ाई तो कोई आश्चर्य नहीं हुआ।

तीसरा गोल तब आया जब डच दबाव के कारण उनके प्रतिद्वंद्वी को एक त्रुटि का सामना करना पड़ा। डिके ने सर्कल के शीर्ष पर एक उच्च जोखिम वाले पास को रोका और उसके पास अपना स्थान चुनने के लिए पूरा समय था।

अधिक प्रभावशाली इंटरप्ले ने डिके को अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए टैप-इन के लिए तैयार किया और यूएसए ने खुद को घेराबंदी में पाया, केल्सी रॉबल्स को अमेरिकी गोल में बार-बार बुलाया जा रहा था। डिके ने अपने चौथे गोल के लिए पेनल्टी कॉर्नर रिबाउंड पर सबसे तेज पैड लगाया था, और अंतिम मिनटों में विब्बी जानसन ने दो आत्मविश्वास से निष्पादित पेनल्टी स्ट्रोक के साथ स्कोरिंग को बंद कर दिया।

इसके साथ, नए शुरू किए गए शीर्ष स्कोरर के आर्मबैंड को बनाए रखने के लिए जेनसन के टूर्नामेंट में सात गोल हो गए, लेकिन शनिवार के मैच के बाद डिके पांच गोल के साथ आगे है।


## जयन्त

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com